डाक पंजीयन क्र. ई-2/ओ.स./186/2018-2020
लाइसेंस क्र. टेक/WPP/21-1/2018-20
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल 23.11.2020 से 29.11.2020 ▶ वर्ष-37 ▶ अंक-47 ▶ मूल्य ₹10.00

जरूरी है मास्क का उपयोग, इसमें ढिलाई बरती तो लगेगा जुर्माना

मध्यप्रदेश में नहीं लगेगा लॉकडाउन - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने निर्देश दिए कि सभी जिलों में क्राइसिस मैनेजमेंट की बैठक बुलाकर कोरोना की स्थिति के संदर्भ में सुझाव प्राप्त किए जाएं। प्रदेश में लॉकडाउन नहीं लगेगा। मास्क के उपयोग को सख्ती से लागू किया जाए। इस मामले में ढिलाई बरतने वालों पर जुर्माना लगाया जा सकता है। अर्थव्यवस्था प्रभावित न हो और कोरोना भी नियंत्रित रहे, इस संतुलन को बनाए रखा जाए।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुये।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कोरोना से बचाव के लिए जागरूकता के प्रयास निरंतर हों। आमजन को संदेश पहुंचाने के लिए कलेक्टर्स अभिनव प्रयास भी कर सकते हैं। उद्घोषणा द्वारा लोगों को शिक्षित करने का कार्य भी किया जाए और परिवारों के स्तर पर यह प्रयास हों कि बुजुर्ग लोग घरों से अधिक बाहर न निकलें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जागरूकता प्रयासों में एनजीओ भी सहयोग करें। विवाह समारोह और सांस्कृतिक गतिविधियां सीमित संख्या की भागीदारी में हों और सोशल डिस्टेंसिंग का पूरा ध्यान रखा जाए।

श्री चौहान ने कहा कि जिन नगरों में कोरोना संक्रमण के अधिक मामले सामने आएंगे वहां रात्रिकालीन कर्फ्यू लागू किया जा सकता है। छोटे कंटेनमेंट क्षेत्र बनाकर गंभीर स्थिति वाले क्षेत्रों में एहतियात बढ़ाई जा सकती है। आवश्यक वस्तुओं की आवाजाही करने वाले ट्रांसपोर्ट को भी नहीं रोका जाएगा। अर्थव्यवस्था की गति को कायम रखते हुए सिर्फ इसलिए सावधानी के प्रयास बढ़ाए जा रहे हैं ताकि कोरोना का प्रसार न हो।

राज्य का रिकवरी रेट 93 प्रतिशत

मुख्यमंत्री ने समीक्षा में प्रदेश में कोरोना की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। श्री चौहान ने कहा कि किसी भी जिले में ऑक्सीजन की कमी न हो, बेड भी पर्याप्त संख्या में उपलब्ध हों, होम आइसोलेशन की सुचारु व्यवस्था हो। टेस्टिंग क्षमता के लक्ष्य पूरे हों और सार्वजनिक स्थानों पर भीड़-भाड़ न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि मध्यप्रदेश कोरोना के एक्टिव रोगियों की संख्या की दृष्टि से देश में 15वें स्थान पर है। राज्य का रिकवरी रेट 93 प्रतिशत है। वर्तमान में 15 हजार टेस्ट रोजाना हो रहे हैं। श्री चौहान ने भोपाल और इन्दौर कलेक्टर से इस सप्ताह पॉजिटिव रोगियों की संख्या के संदर्भ में चर्चा की और उपलब्ध उपचार सुविधाओं की जानकारी भी प्राप्त की। कलेक्टर इन्दौर ने बताया कि रात्रि में लोगों के अनावश्यक मूवमेंट को रोकने के प्रयास बढ़ाएंगे। कलेक्टर भोपाल ने बताया कि व्यापारी संघों से चर्चा हो रही है। वे मार्केट को स्वेच्छिक रूप से जल्दी बंद करवाने के लिए सहमत हैं। कलेक्टर जबलपुर ने बताया कि आमजन द्वारा पिकनिक और आउटिंग जैसी गतिविधियों को हतोत्साहित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने की आमजन से सतर्कता बरतने की अपील

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्यप्रदेश सहित देश के कुछ राज्यों में बढ़ रहे कोरोना के मामलों के मद्देनजर आवश्यक एहतियात बरतने की अपील आम जनता से की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नागरिक, कोरोना से बचाव की गाइडलाइन का पालन करें। मास्क का आवश्यक रूप से उपयोग करें। बार-बार साबुन से हाथ धोएं, सोशल डिस्टेंसिंग का भी ध्यान रखें। अपनों के लिए, स्वयं के लिए और राष्ट्र के लिए संवेदनशील रह कर कोरोना वायरस से बचाव के प्रति सजग और सतर्क बने रहें।

मध्यप्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों को रखा जायेगा यथावत

मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक संगठनों की गतिविधियां भी यथावत रहें। श्रमिकों के आने-जाने पर कोई रोक नहीं होगी। शिक्षा व्यवस्था के अंतर्गत कक्षा एक से आठ की कक्षाएं आगामी आदेश तक नहीं लगेंगी। महाविद्यालय भी अभी बंद रहेंगे। कक्षा नौ से बारह के विद्यार्थी एवं कॉलेज के विद्यार्थी विभागों द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप मार्गदर्शन के लिये स्कूल/कॉलेज आकर शिक्षण व्यवस्था का लाभ ले सकेंगे। सिनेमाघर अभी पूर्व व्यवस्था के अनुसार 50 प्रतिशत दर्शक संख्या के साथ संचालित हो सकते हैं।

नर्सिंग पाठ्यक्रम

चिकित्सा महाविद्यालयों में सीट्स बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी

भोपाल, चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग ने शैक्षणिक सत्र 2020-21 में शासकीय नर्सिंग महाविद्यालयों में नवीन पाठ्यक्रम एवं सीट्स वृद्धि की स्वीकृति प्रदान की है। श्री सारंग ने चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

शासकीय स्कूल ऑफ नर्सिंग हमीदिया हॉस्पिटल भोपाल में बीएससी नर्सिंग की 60 से 120 सीट्स, पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग की 60 सीट्स, एमएससी नर्सिंग की 50 सीट्स, शासकीय स्कूल ऑफ नर्सिंग जी.एम. हॉस्पिटल रीवा में बीएससी नर्सिंग की 30 से 120 सीट्स, पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग की 60 सीट्स, एमएससी नर्सिंग की 50 सीट्स तथा शासकीय स्कूल ऑफ नर्सिंग मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल जबलपुर में बीएससी नर्सिंग की 60 से 120 सीट्स संख्या, पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग की 60 सीट्स और एमएससी नर्सिंग की 50 सीट्स मंजूर की गई हैं।

साथ ही शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय इंदौर में बीएससी नर्सिंग की 100 सीट्स से 210 सीट्स, पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग की 40 सीट्स से 60 सीट्स और एमएससी नर्सिंग की 50 सीट्स से 100 सीट्स की स्वीकृति प्राप्त हुई है।

इसी प्रकार शासकीय स्कूल और नर्सिंग बुन्देलखण्ड मेडिकल कॉलेज सागर में बीएससी नर्सिंग की 60 सीट्स से 120 सीट्स, एमएससी नर्सिंग की 20 सीट्स और शासकीय स्कूल ऑफ नर्सिंग जे.ए. हॉस्पिटल ग्वालियर में बीएससी नर्सिंग की 60 सीट्स से 120 सीट्स, पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग की 60 सीट्स, एमएससी नर्सिंग की 50 सीट्स स्वीकृत की हैं।

रोज़गार सृजन

सभी को रोज़गार देना सरकार की उच्च प्राथमिकता

भोपाल, मध्यप्रदेश में सरकारी एवं गैर सरकारी क्षेत्रों में रोज़गार के अधिक से अधिक अवसर सृजित कर सभी को रोज़गार उपलब्ध कराया जाएगा। यह शासन की उच्च प्राथमिकता का विषय है। सभी शासकीय रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्तियां की जाएंगी। सभी विभाग अधिक से अधिक रोज़गार के अवसर सृजित करने संबंधी कार्रवाई तत्परता से करें। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में रोज़गार के अवसर सृजित करने संबंधी बैठक को संबोधित करते हुये कहीं।

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के रोडमैप पर कार्रवाई

मुख्यमंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का रोडमैप तैयार किया जा चुका है। इसमें रोज़गार सृजन पर विशेष जोर दिया गया है तथा इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना बनाई गई है। हमें स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देकर 'लोकल को वोकल' बनाना है।

नक्सल समस्या का समाधान रोज़गार

श्री चौहान ने कहा कि नक्सल समस्या का सबसे बड़ा समाधान रोज़गार है। इन क्षेत्रों में रोज़गार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए सरकार विशेष योजना बना रही है। मनरेगा आदि के माध्यम से अधिक से अधिक रोज़गार उपलब्ध करवाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन से रोज़गार के विशेष अवसर हैं। इसके लिए 'बफर में सफर', 'जंगल सफारी', 'धार्मिक पर्यटन', 'ग्रामीण पर्यटन' और 'जल पर्यटन' आदि को बढ़ावा दिया जाएगा।

उद्योगों को बढ़ावा

प्रदेश में छोटे एवं मझोले उद्योगों को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रदेश में इन उद्योगों के कम से कम 10 एकीकृत क्लस्टर अगले 3 साल में निर्मित करेंगे। प्रदेश में 'स्टार्ट योर बिजनेस इन 30 डेज़' की व्यवस्था को लागू किया जा रहा है।

प्रदेश में स्व-सहायता समूहों को अधिक से अधिक प्रोत्साहित करने के लिए महा अभियान के रूप में कार्य किया जा रहा है। कौशल विकास के माध्यम से रोज़गार के अवसर सृजित किए जा रहे हैं।

नवीन खदानों का शीघ्र आवंटन करें

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि खनिज क्षेत्र में अधिक से अधिक रोज़गार के लिए नवीन खदानों का शीघ्र आवंटन करें। जितनी खदानें चालू की जा सकती हों की जाएं।

गौ-संवर्धन से रोज़गार

मुख्यमंत्री ने कहा कि गौ-संवर्धन के माध्यम से रोज़गार की अत्यधिक संभावनाएं हैं। गौ-दुग्ध उत्पादन, गौ-काष्ठ तथा अन्य संबंधित उत्पादों को बढ़ावा दिया जाए।

आईटीआई

शासकीय संस्थानों में अस्सी प्रतिशत से ज्यादा हुआ प्रवेश

भोपाल, मध्यप्रदेश के शासकीय आईटीआई संस्थानों में अब तक 80 प्रतिशत से ज्यादा बच्चों ने विभिन्न ट्रेड्स में प्रवेश लिया है। पिछले वर्ष प्रवेश 64 प्रतिशत था। इस वर्ष अब तक कुल 35 हजार 928 बच्चों ने प्रवेश लिया है। इसमें सीटीएस में 34 हजार 151, आईएमसी में 926 तथा डीएसटी में 851 प्रवेश दर्ज किए गए हैं।

प्रदेश में आईटीआई को आठ ज़ोन में बांटा गया है। इसके तहत प्रवेश प्रक्रिया में सागर ज़ोन में कुल 3 हजार 644 सीटों के विरुद्ध 3 हजार 353 बच्चे, बालाघाट में 3 हजार 956 सीट के विरुद्ध 3 हजार 616, जबलपुर में 5 हजार 428 सीटों के विरुद्ध 4 हजार 729, रीवा में 5 हजार 396 के विरुद्ध 4 हजार 665, उज्जैन में 5 हजार 268 के विरुद्ध 4 हजार 457, इन्दौर में कुल 6 हजार 864 सीटों के विरुद्ध 5 हजार 11, ग्वालियर में 5 हजार 4 के विरुद्ध 3 हजार 647 तथा भोपाल ज़ोन में कुल 8 हजार 992 सीटों के विरुद्ध 6 हजार 452 बच्चों ने विभिन्न आईटीआई ट्रेड्स में प्रवेश दर्ज किया है।

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश में युवाओं के कौशल उन्नयन के लिये विभिन्न आईटीआई में प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है।

जनजाति गौरव दिवस

शहीद बिरसा मुण्डा ने शोषण के विरुद्ध अर्पित किया जीवन

भोपाल, महान देशभक्त बिरसा मुण्डा की जयंती पर उनके बलिदान को याद करते हुये मध्यप्रदेश जनजाति गौरव दिवस मना रहा है। शहीद बिरसा मुण्डा ने भारतीय अस्मिता, स्वतंत्रता की रक्षा और अंग्रेजों के दमन तथा शोषण के विरुद्ध अपना जीवन निर्भीक होकर समर्पित कर दिया। स्वतंत्रता आन्दोलन में मध्यप्रदेश के जनजातीय नायकों के शौर्य और वीरता का उजला इतिहास रहा है। मध्यप्रदेश सरकार इन महान जनजातीय नायकों द्वारा स्थापित अनुसूचित जनजातीय संस्कृति, परम्परा, गौरवशाली इतिहास को अक्षुण्ण बनाने तथा सामाजिक समरसता के लिए और उन्हें शोषण से मुक्त करने के लिये दृढ़ संकल्पित होकर कार्य कर रही है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में शहीद बिरसा मुण्डा की जयंती पर जनजाति गौरव दिवस पर जनजातीय जननायकों के प्रति श्रद्धा प्रकट करने और उनके त्याग तथा बलिदान के स्मरण के लिये आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में 15 नवम्बर बिरसा मुण्डा का जन्मदिवस हर वर्ष जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। श्री चौहान ने कहा इस वर्ष 25 नवम्बर के दिन जनजातीय नायकों को सम्मान देने के लिये एक बड़े कार्यक्रम का आयोजन मध्यप्रदेश सरकार करेगी। शहीद बिरसा मुण्डा हमारी प्रेरणा हैं। उनके द्वारा स्थापित परम्परा, संस्कृति भारत की मूलधारा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने सामाजिक समरसता के मूलमंत्र को स्वीकारा है। भारत की संस्कृति बहुरंगी है। मध्यप्रदेश की जनजातीय मूलधारा को और अधिक पल्लवित किया जायेगा। उसे किसी भी स्थिति में मुरझाने नहीं दिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य शासन के आदिम जाति कल्याण विभाग का नाम बदलकर जनजातीय कार्य विभाग किया जाएगा।

लघु फिल्म 'रणबांकुरे' और 'रणबांकुरे' फोल्डर का विमोचन

मुख्यमंत्री ने 'मध्यप्रदेश माध्यम' द्वारा जनजातीय जननायकों के आत्मसम्मान पर आधारित लघु फिल्म 'रणबांकुरे' और 'रणबांकुरे' फोल्डर का विमोचन किया। इस अवसर पर यह लघु फिल्म प्रदर्शित भी की गयी।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

14 नवम्बर

डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया के लिये भी मिलेगा बीमा कवर

●बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) ने वेक्टर जनित बीमारियों के

irdai

IRDA

इलाज के मानकों को लेकर मसौदा जारी किया है। अब स्वास्थ्य एवं जनरल बीमा कंपनियां मच्छर और कीटाणुओं से होने वाली बीमारियां जैसे- डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया के इलाज के लिये बीमा कवर देंगी। इरडा ने कहा कि इस मसौदे का उद्देश्य एक स्टैंडर्ड हेल्थ प्रोडक्ट लाना है, जो लोगों को वेक्टर जनित बीमारियों के इलाज को शामिल करे। मसौदे के तहत इस बीमा पॉलिसी की अवधि एक वर्ष होगी तथा इसमें 15 दिन की प्रतीक्षा अवधि भी होगी। बीमा कंपनियों को पॉलिसी के नामकरण में वेक्टर बॉर्न डिसीज जोड़ना होगा। इस पॉलिसी के लिये बीमाधारक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा अधिकतम आयु 65 वर्ष होगी।

●भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) पीवीसी (प्लास्टिक) के आधार कार्ड जारी कर रहा है। आम नागरिक पीवीसी आधार कार्ड को महज 50 रुपये में बदलवा सकते हैं। यूआईडीएआई ने इसके लिये ऑर्डर आधार कार्ड नाम से नई सेवा शुरू की है। इस सेवा के तहत लोग कागज वाले आधार कार्ड को पीवीसी आधार कार्ड में बदलने के लिये ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

●असम और मेघालय को जोड़ने के लिये एक नया पुल बनाया जायेगा। इस पुल को बनाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। यह पुल ब्रह्मपुत्र नदी पर बनेगा। यह पुल 20 किलोमीटर लंबा होगा जो असम के धुबरी और मेघालय के फुलबाड़ी को जोड़ेगा। यह देश में किसी भी नदी पर बना सबसे लंबा पुल होगा। यह पुल वर्ष 2026-27 तक बनकर तैयार हो जायेगा। यह पुल सामरिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण होगा। इस पुल के बन जाने से धुबरी और फुलबाड़ी की दूरी 200 किलोमीटर कम हो जायेगी। अभी देश का सबसे लंबा नदी पुल असम और अरुणाचल प्रदेश के बीच बना भूपेन हजारिका पुल है। यह पुल लोहित नदी पर बना है तथा इसकी लंबाई 9.15 किलोमीटर है।

15 नवम्बर

चीन सहित 15 देशों ने विश्व के सबसे बड़े व्यापार समझौते पर किये हस्ताक्षर

●विश्व के सबसे बड़े व्यापार समझौते रीजनल कॉम्प्रेहेंसिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप (RCEP) पर 15 देशों ने हस्ताक्षर किये हैं। इस समझौते पर चीन, जापान, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, दक्षिण कोरिया, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, म्यांमार, फिलीपींस, थाइलैंड, सिंगापुर, ब्रुनेई, मलेशिया और वियतनाम ने हस्ताक्षर किये। यह समझौता लगभग आठ वर्ष तक चली वार्ताओं के बाद पूरा हुआ है। आरसेप का सबसे पहले प्रस्ताव वर्ष 2012 में किया गया था। इस समझौते के दायरे में विश्व की लगभग एक तिहाई आर्थिक गतिविधियां आयेंगी। इस समझौते के तहत सदस्य देशों के बीच पारस्परिक व्यापार में टैक्स में कटौती के अलावा कई तरीके की आर्थिक छूट दी जायेगी। आरसेप के प्रस्ताव में भारत का नाम भी था, लेकिन भारत ने इस समझौते में शामिल नहीं होने का फैसला किया है। इस समझौते से जुड़े हुये देशों ने कहा कि भारत के लिये आरसेप के दरवाजे हमेशा खुले हैं।

●केंद्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के बजट की प्रक्रिया शुरू कर दी है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने बजट के लिये उद्योग संगठनों और विशेषज्ञों से सलाह मांगी है। इसके लिये मंत्रालय ने एक विशेष ई-मेल आईडी बनाई है। मंत्रालय ने उद्योग संगठनों तथा विशेषज्ञों से प्री बजट विमर्श के लिये वित्त मंत्रालय के अधिकारियों से मिलने की बजाये इस ई-मेल आईडी पर अपने विचार भेजने को कहा है। बजट के संबंध में आम नागरिक भी 30 नवम्बर तक माई गॉव (Gov) पोर्टल पर अपने सुझाव दे सकते हैं।

●ऑस्ट्रेलिया में बढ़ती गर्मी के कारण लोगों की भीड़ समुद्री तटों पर बढ़ने लगी है। इससे कोरोना संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ गया है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिये सिडनी के बीचों पर ड्रोन के जरिये नजर रखी जा रही है। बीचों पर गाईस तैनात किये गये हैं, जो ड्रोन के जरिये भीड़ पर नजर रख रहे हैं और कोरोना गाइडलाइंस का पालन करने की चेतावनी दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि ऑस्ट्रेलिया में कोरोना महामारी के कारण अब तक 900 से अधिक लोगों की मृत्यु हो चुकी है।

16 नवम्बर

अमेरिकी दवा कंपनी मॉडर्ना की वैक्सीन 94.5 प्रतिशत कारगर

●अमेरिका की दवा कंपनी मॉडर्ना का दावा है कि उसकी वैक्सीन अंतिम चरण में सफल रही है। मॉडर्ना ने कहा कि यह वैक्सीन 94.5 प्रतिशत तक प्रभावी है। मॉडर्ना के अनुसार इस वैक्सीन का 30 हजार लोगों पर परीक्षण हो रहा है। मॉडर्ना के प्रेसिडेंट स्टीफन होज ने एक साक्षात्कार में बताया कि हमारे पास जल्द ही ऐसी वैक्सीन आने जा रही है, जो कोरोना को रोक सकती है। इस वैक्सीन को अल्ट्रा कोल्ड स्टोरेज तापमान पर रखने की जरूरत नहीं होगी। यह वैक्सीन फ्रिज के सामान्य तापमान (-20 डिग्री सेल्सियस) में 30 दिन तथा कमरे के सामान्य तापमान में 12 घंटे सुरक्षित रह सकती है। इससे यह वैक्सीन टीकाकरण में बहुत आसानी होगी। इससे पहले अमेरिका की ही एक अन्य दवा कंपनी फाइजर ने वैक्सीन बनाने का दावा किया था। फाइजर की वैक्सीन को माइनस 70 डिग्री सेल्सियस तापमान पर रखना जरूरी होगा।

●आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच नागोर्नो-काराबाख इलाके को लेकर चल रही जंग खत्म हो गई है। आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच हुये शांति समझौते पर हस्ताक्षर के बाद आर्मेनिया में हजारों लोगों ने प्रधानमंत्री निकोलस पाशिनियन के खिलाफ जबरजस्त प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कुछ प्रदर्शनकारियों ने एक सरकारी इमारत पर कब्जा करने की कोशिश की। आर्मेनिया के रक्षा मंत्रालय ने लोगों से प्रदर्शन से न जुड़ने की अपील की।

17 नवम्बर

सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा के लिये आवेदन 3 दिसम्बर तक होंगे

●अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा-2021 के लिये ऑनलाइन आवेदन दाखिल करने की अंतिम तारीख बढ़ा दी गई है। अब ऑनलाइन आवेदन 3 दिसम्बर तक जमा हो सकेंगे। इस परीक्षा के लिये रजिस्ट्रेशन 20 अक्टूबर 2020 को शुरू हो चुका है। सैनिक स्कूलों में छठवीं तथा नौवीं कक्षा में प्रवेश के लिये नेशनल टेस्टिंग एजेंसी 10 जनवरी को परीक्षा आयोजित करेगी। सैनिक स्कूल की परीक्षा फीस भी ऑनलाइन जमा करनी होगी।

●लीबिया के खुम्स तट के पास भूमध्य सागर में एक जहाज पलट गया। इस हादसे में 74 प्रवासियों की मृत्यु हो गई। संयुक्त राष्ट्र के अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी संगठन के अनुसार इस जहाज में लगभग 120 लोग सवार थे। लीबिया के तटरक्षक बल और मछुआरों ने जहाज से 47 लोगों को सुरक्षित बचा लिया। उल्लेखनीय है कि भूमध्य सागर में पिछले डेढ़ महीने में यह आठवां समुद्री हादसा है।

18 नवम्बर

डीआरडीओ ने क्विक रिएक्शन मिसाइल का किया सफल परीक्षण

●रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने सतह से हवा में मार

करने वाली क्विक रिएक्शन सरफेस टू एयर मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। परीक्षण के दौरान मिसाइल ने हवा में एक मानव रहित विमान को निशाना बनाया। यह परीक्षण ओडिशा के चांदीपुर रेंज में किया गया। यह मिसाइल 3 से 30 किलोमीटर तक के दायरे में आने वाले विमानों, हेलिकॉप्टरों, ड्रोन्स और मिसाइल को नष्ट करने में सक्षम है। इस मिसाइल की रफ्तार 5758 किलोमीटर प्रति घंटा है। देश के रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ को क्विक रिएक्शन सरफेस टू एयर मिसाइल के सफल परीक्षण के लिये बधाई दी है। इस मिसाइल को ट्रक पर भी लगाया जा सकता है। यह मिसाइल कम्यूनिकेशन सिस्टम को बाधित करने में सक्षम है, ये रडार को फेल कर सकती है।

●आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच शांति समझौते के बाद रूस अब नागोर्नो-काराबाख क्षेत्र में दो हजार सैनिक तैनात करेगा। रूस ने ट्रकों पर लदे मल्टीपल रॉकेट लॉन्चर्स को इस कॉरिडोर की तरफ रवाना किया है। आर्मेनिया-काराबाख के बीच लाचिन कॉरिडोर पर रूस का नियंत्रण है। आर्मेनिया-अजरबैजान के बीच 43 दिन चले युद्ध को खत्म करने में रूस ने अहम भूमिका निभाई। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि लाचिन कॉरिडोर में रूस ने सात अस्थाई पर्यवेक्षण पोस्ट स्थापित की हैं। रूस ने यह कदम रूसी शांति सैनिकों को सुरक्षित रास्ता सुनिश्चित करने के लिये उठाया है।

●इराक में 21 आतंकियों और हत्यारों को सामूहिक रूप से फांसी पर लटकाया गया है। इराक के आंतरिक मंत्रालय ने बताया कि इन लोगों को नासिरिया की जेल में फांसी दी गई। ये सभी कैदी इराक के तल-अफर में हुये दो आत्मघाती हमलों में शामिल थे। इन हमलों में कई लोगों की मृत्यु हो गई थी।

19 नवम्बर

वर्चुअल रूप में आयोजित होगा नोबेल पुरस्कार समारोह

●नोबेल समिति ने इस वर्ष नोबेल पुरस्कार समारोह को वर्चुअल रूप में आयोजित करने का निर्णय लिया है। नोबेल समिति ने कहा कि उसने और वर्ष 2020 के नोबेल शांति पुरस्कार विजेता विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने संयुक्त रूप से निर्णय किया है कि अगले महीने ओस्लो में आयोजित होने वाला पुरस्कार समारोह कोरोना संक्रमण को देखते हुये वर्चुअल तरीके से आयोजित किया जायेगा। समिति ने कहा कि ओस्लो में कोविड-19 के चलते लगाये गये प्रतिबंधों के कारण समारोह का आयोजन संभव नहीं होगा। उल्लेखनीय है कि नोबेल पुरस्कार प्रतिवर्ष 10 दिसम्बर को ओस्लो में आयोजित समारोह में दिये जाते हैं। 10 दिसम्बर को नोबेल पुरस्कार के संस्थापक अल्फ्रेड नोबेल की पुण्यतिथि होती है।

●भारत और इथोपिया के बीच एयर बबल समझौता हुआ है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने जानकारी दी कि भारत ने इथोपिया के साथ अलग से द्विपक्षीय एयर बबल समझौता किया है। यह कदम दोनों देशों के बीच विशेष अंतर्राष्ट्रीय यात्री विमानों के संचालन के लिये उठाया गया है। इस समझौते के तहत दोनों देशों की विमानन कंपनियों को विमान सेवा संचालित करने की अनुमति दी गई है।

●इजराइल ने एक बार फिर सीरिया में ईरानी ठिकानों पर हवाई हमले किये हैं। इजराइली सेना के अनुसार गोलन हाइट्स इलाके में सड़क किनारे बम छिपे होने की जानकारी मिलने के बाद ये हवाई हमले किये गये हैं। सेना ने बताया कि विस्फोटक सामग्री ईरानी सुरक्षाबलों के नेतृत्व में एक सीरियाई दस्ते ने रखी थी। इसी कारण ईरानी और सीरियाई सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि इजराइल ने वर्ष 1967 में सीरिया के साथ युद्ध के बाद गोलन हाइट्स को अपने कब्जे में ले लिया था। इजराइल इस इलाके में ईरानी सेना की मौजूदगी पर भी सख्त आपत्ति उठाता रहा है।

20 नवम्बर

कोरोना योद्धाओं के बच्चों के लिये एमबीबीएस में सीट आरक्षित

●केंद्र सरकार ने शिक्षण सत्र 2020-21 में केंद्र के कोटे से एमबीबीएस पाठ्यक्रम

की पांच सीटें कोरोना योद्धाओं के बच्चों के लिये आरक्षित करने का फैसला किया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि इस कदम का लक्ष्य उन कोरोना योद्धाओं का सम्मान करना है, जिनकी मृत्यु कोरोना महामारी के कारण या महामारी संबंधी ड्यूटी के दौरान हुई है। यह आरक्षण इसी शैक्षणिक सत्र से लागू हो गया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित करवायी गई नीट-2020 में प्राप्त रैंक के आधार पर भरे गये ऑनलाइन आवेदनों के माध्यम से मेडिकल काउंसिल कमेटी इन छात्रों का चयन करेगी।

●अमेरिका के साथ लंबे समय से चली आ रही तनातनी के बीच ईरान ने फारस की खाड़ी में एक बड़ा युद्धपोत उतारा है। यह युद्धपोत हेलिकॉप्टर, ड्रोन और रॉकेट लॉन्चर ले जाने में सक्षम है। इस युद्ध पोत का नाम ईरान ने अपने मारे गये नौसेना कमांडर अब्दुल्ला रौदकी पर रखा है। ईरान ने इस युद्धपोत और एंटी एयरक्राफ्ट मिसाइलों की फोटो जारी की है।

●देश में सेना से जुड़ी जमीन के सभी दस्तावेज और रिकॉर्ड अब ऑनलाइन होंगे। केंद्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने इस संबंध में एक पोर्टल लॉन्च किया। रक्षा मंत्री ने कहा कि इससे सेना की भूमि प्रबंधन के कामकाज में पारदर्शिता और तेजी आयेगी। रक्षा मंत्री के समूचे प्रबंधन में सुधार के प्रयास किये जा रहे हैं। इसके तहत रक्षा विभाग ने रक्षा संपदा महानिदेशालय और सशस्त्र बलों के साथ मिलकर पहली बार भूमि प्रबंधन प्रणाली (एलएमएस) का विकास किया है। इस पोर्टल पर भविष्य में रक्षा भूमि प्रबंधन के सभी रिकॉर्ड को डिजिटलाइज्ड किया जायेगा।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

PEOPLE'S UNIVERSITY
(Established by M.P. Act No. 18 of 2011 & approved u/s 2 (f) of UGC act 1956)
PEOPLE'S COLLEGE OF PARAMEDICAL SCIENCES & RC
Recognized by the Paramedical Council of Madhya Pradesh,
Director of Medical Education and Higher Education Department
ADMISSION OPEN 2020-21

MPT	Masters of Physiotherapy - (Ortho'/ Neuro'/ Cardio' & Sports) 2 yrs PG Degree Program, Eligibility : BPT	
BPT	Bachelor of Physiotherapy*	4½ yrs Degree Course
BMLT	Bachelor of Medical Lab Technology*	3 yrs Degree Course
DMLT	Diploma in Medical Lab Technology*	2 yrs Diploma Course
DDT	Diploma in Dialysis Technology*	2 yrs Diploma Course

*Eligibility : 12th with Physics, Chemistry & Biology
Attached with People's Teaching Hospital 950 bedded (ISO 9001:2015) || Training facilities such as dissection/demonstration hall, Anatomy Museum OPD/IPD postings, community/ field visit etc. || Separate hostel facility || Scholarship facility available. || Medical camps, Health & Nutritional awareness Camp. etc. Institutional NSS & NCC Activities. || Educational Visits and Student's Tour.
Ph. 0755-4005295, M. 98262 44676
People's Campus, Bhanpur, Bhopal (M.P.) 462037
E-mail: pcps.pu2017@gmail.com
R-44725/2020

वर्ष 37, अंक 47 23.11.2020 से 29.11.2020
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - डॉ. सुधाम खाड़े
● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
● प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार बनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● आकल्पन - हेमंत वायंगणकर, आशा रोमन अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (रु. पाँच सौ) का डी.डी., मनी ऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर सम्पादक, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें:-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011,
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : mpmdtp@yahoo.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

रोज़गार वृद्धि के प्रयासों के लिये पुरस्कृत होंगे जिले

रोज़गार वृद्धि के लिये व्यवस्थित और सार्थक प्रयास करने वाले जिले पुरस्कृत किये जायेंगे। स्ट्रीट वेंडर्स कल्याण योजना और स्व-सहायता समूहों के माध्यम से लोगों को स्व-रोज़गार से जोड़ने और आय का साधन मजबूत बनाने के प्रयास भी बढ़ाये जायें। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का रोडमैप जनता के सामने अभी हाल ही में रखा गया है। यह रोडमैप प्रदेश को आगे ले जाने का ठोस कदम है। उपरोक्त बातें मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहीं। मुख्यमंत्री भोपाल स्थित मंत्रालय से कलेक्टर्स, कमिश्नर्स, आईजी और एसपी कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अब प्रतिमाह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग होगी, जिसमें वे योजनाओं की राज्य स्तरीय समीक्षा करेंगे और अधिकारियों का परफॉर्मेंस देखेंगे। अब मेरिट के हिसाब से ही मैदानी अफसरों की नियुक्ति होगी। नियुक्ति का आधार परफॉर्मेंस ही होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं सिर्फ काम चाहता हूं, प्रदेश का विकास सर्वोपरि है। अपने कर्तव्य पूर्ण करने के प्रति विभागीय अफसर गंभीर रहें, दायित्व निर्वहन में कोई कठिनाई हो तो बतायें। मुख्य सचिव इसका समाधान करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अपराधों पर नियंत्रण के लिये अच्छे प्रयास किये गये हैं। इस तरह के प्रयास जारी रहें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कहा कि प्रदेश की जनता के कल्याण और उनके भविष्य को बेहतर बनाने का प्रयास करें। किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। मासिक लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करें और प्रदेश को देश में प्रथम स्थान पर लाने का प्रयास करें। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार और बाजरा की खरीदी के संबंध में कलेक्टर्स से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश के किसानों के परिश्रम से रिकॉर्ड गेहूं का उत्पादन हुआ था। राज्य सरकार ने उपार्जन कार्य की सभी व्यवस्थायें जमाईं। इसके फलस्वरूप रिकॉर्ड उपार्जन हुआ है। इसी तरह धान, ज्वार और बाजरा की खरीदी का कार्य सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि खाद्य पदार्थों में मिलावट कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। मिलावटखोरों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाये। आम जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले बख्शे नहीं जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि छोटे दुकानदारों को मिलावट के प्रकरणों में परेशान न किया जाये। मिलावटी वस्तु के स्रोत और निर्माण केंद्र को लक्ष्य करते हुये दोषी व्यक्ति के विरुद्ध न सिर्फ कानूनी कार्रवाई हो, बल्कि ऐसे लोगों की आर्थिक कमर तोड़ी जाये। किसी की जान लेने के दोषी मिलावटखोरों को आजीवन कारावास की सजा देने से इस अपराध पर नियंत्रण स्थापित होगा। श्री चौहान ने कलेक्टरों को निर्देश दिये कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत छोटे किसानों को 6 हजार रुपये की राशि प्रदान की जाती है। राज्य सरकार ने इसमें 4 हजार रुपये की वृद्धि की है। ऐसे पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने का कार्य पूर्ण किया जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि छोटी जोत वाले किसानों और बनाधिकार पट्टाधारियों को भी अनिवार्य रूप से किसान सम्मान निधि का लाभ दिलवाया जाये। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में स्ट्रीट वेंडर्स के संबंध में प्रधानमंत्री का उल्लेख करते हुये कहा कि 10 हजार रुपये की ब्याजमुक्त ऋण सहायता से छोटे कारोबारियों का काम अच्छा चलने लगा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरी स्ट्रीट वेंडर्स को लाभान्वित करने में मध्यप्रदेश देश में प्रथम है। अब ग्रामीण स्ट्रीट वेंडर्स को भी लाभान्वित करने का काम तेजी से चल रहा है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि महिलाओं को सशक्त करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है, उन्हें स्कूल यूनिफॉर्म तैयार करने का कार्य बड़े पैमाने पर देना है। मुख्यमंत्री ने बताया कि वे शीघ्र ही जिलों में भ्रमण कर महिला स्व-सहायता समूहों के कार्यों की जानकारी भी लेंगे। मध्यप्रदेश सरकार समय-समय पर प्रदेश की जनता के हित में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी प्राप्त करती रहती है। उच्च स्तर पर योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने से योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में बेहतर जानकारी प्राप्त हो पाती है।

ब्रह्मांड को जानें

पृथ्वी

मानसून- द्वितीयक वायुमंडलीय चक्र में मानसून स्वयं में एक परिघटना के रूप में स्वीकार किया जाता है। मानसून वायुमंडलीय चक्र से संबंधित है, जो मौसम के अनुसार परिवर्तित होता रहता है। यदि यह मौसमी प्रत्यावर्तन का चक्र नियमपूर्वक होता तो संसार के कुछ क्षेत्रों में ही मानसूनी हवाओं की व्यवस्था होती। एशिया में ही इस प्रकार का मानसूनी चक्र अपने आदर्श रूप में पाया जाता है। अमेरिका, उत्तरी ऑस्ट्रेलिया और पश्चिमी अफ्रीका में भी इसी प्रकार का मानसून है। मानसून की व्याख्या विभिन्न सिद्धांतों से की जाती है। जैसे थल और जल, विभिन्न ऊर्जा। उष्णकटिबन्धीय और अंतर उष्णकटिबंधीय और हवा क्षेत्रों का एवं हवा की गतियां और तेज गर्मी।

भारतीय मानसून- सच्चे अर्थों से मानसून को हिन्द महासागर के चारों तरफ देखा जा सकता है। संसार की मानसून व्यवस्था की तुलना में भारतीय मानसून की व्यवस्था क्रियाशीलता का केंद्र बिन्दु वायु राशि और गति पूर्णतया भिन्न है। देश प्रायद्वीपीय आकार दक्षिणी-पश्चिमी मानसून को बांट देता है और मानसून उत्तर की तरफ अरब सागर शाखा की तरफ चला जाता है और पूर्व की ओर बंगाल की खाड़ी की तरफ चला जाता है।

वर्षा- जब दक्षिणी-पश्चिमी मानसून सामान्य वर्षा पूरे देश के मैदानों में करता है तब इसे सामान्य वर्षा कहा जाता है। लेकिन कई स्थान ऐसे हैं जैसे पश्चिमी घाट के हवा क्षेत्र में 100-250 सेंटीमीटर तक वर्षा होती है। मेघालय की खासी जयंतिया पहाड़ी के ढलान में संसार की सर्वाधिक वर्षा प्राप्त होती है। अनावृष्टि का प्रयोग तब किया जाता है जब देश में सामान्य वर्षा से कम वर्षा होती है। यह तभी होता है जब दक्षिणी-पश्चिमी मानसून बहुत कमजोर पड़ जाये।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

विश्व टेलीविजन दिवस 21 नवम्बर

ब्लैक एंड व्हाइट से डिजिटल युग तक टेलीविजन का सफर

सर्जना चतुर्वेदी
(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

सकारात्मक नजरिया आपकी सभी समस्याओं को हल नहीं कर सकता, लेकिन यह लोगों को हिलाने के लिए काफी होता है। जर्मन-अमेरिकी लेखक और चित्रकार हर्म अलब्राइट का यह कथन टेलीविजन की ताकत को बताता है, क्योंकि एक हजार शब्द से ज्यादा ताकत एक चित्र में होती है और जब चित्र और शब्द मिलकर हमारे सामने अपनी बात रखते हैं तो निश्चित ही उनका प्रभाव कई गुना ज्यादा होता है। इसलिए टेलीविजन की ताकत निर्णय लेने की क्षमता और विचारों को बहुत ज्यादा प्रभावित करती है, इसे संयुक्त राष्ट्र ने भी माना है। लेखक, व्लॉगर, पत्रकार, कैमरा पर्सन समेत ब्रॉडकास्ट मीडिया से जुड़े लोग सभी का इसमें योगदान होता है। इसलिए इन सभी के लिए इस दिन का महत्व और ज्यादा बढ़ जाता है। सोशल मीडिया के इस दौर में जब यह समझ नहीं आता कि कौन-सी खबर सही है, कौन-सी गलत, कौन-सी जनहित में है या कौन सी सामाजिक समरसता को बिगाड़ सकती है। तो ऐसी स्थिति में शासन, न्यूज ऑर्गनाइजेशन और हर वह व्यक्ति जो सूचनाओं को लोगों तक पहुंचा रहा है, उसका दायित्व बनता है कि सिर्फ सही सूचनाएं पहुंचाए।

डिजिटल युग ने बदली टेलीविजन की दुनिया

पिछले कुछ सालों में डिजिटल क्रांति और स्मार्टफोन का युग आने के बाद ऐसा लगा था जैसे टेलीविजन का अस्तित्व बिल्कुल खत्म ही हो जाएगा और अब सिर्फ लोग फोन चलाएंगे। लेकिन नवाचारों के इस युग में टेलीविजन ने अपने आपको और ज्यादा मजबूती के साथ स्थापित कर दिया है। घर के ड्रॉइंग रूम में सिर्फ एक टीवी सेट के रूप में स्थापित टेलीविजन घर के हर सदस्य के हाथ में स्मार्टफोन के माध्यम से अपनी पहुंच बना चुका है। कई चैनल के अपने पेड सब्सक्रिप्शन हैं। टेलीविजन क्रांति के इस दौर में हर इंसान आजाद है वह जब चाहे अपनी सुविधानुसार अपने मन का शो देख सकता है। पहले व्यक्ति यह कभी नहीं सोच सकता था कि वह अपनी पसंद का टीवी शो, ओपेरा या रियलिटी शो अपने मन के समय पर टीवी पर देख सकते हैं। अब हर व्यक्ति के पॉकेट में उसका अपना टीवी है। इसलिए लगातार नए टेलीविजन शो, वेब सीरीज बन रहे हैं और पसंद किए जा रहे हैं।

विश्व टेलीविजन दिवस मनाने की शुरुआत

संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 1996 में 21 और 22 नवम्बर को प्रथम विश्व टेलीविजन फोरम कार्यक्रम आयोजित किया था। इस दिन वैश्विक मीडिया जगत के प्रमुख लोगों ने संयुक्त राष्ट्र के बैनर तले एक-दूसरे से मुलाकात की। इस कार्यक्रम में टेलीविजन के विश्व पर पड़ने वाले प्रभाव के सन्दर्भ में काफी चर्चा की गई थी। इस दिन को यादगार बनाने के लिए ही संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 17 दिसम्बर 1996 को प्रतिवर्ष 21 नवम्बर को विश्व टेलीविजन दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की। यूनाइटेड नेशन का अपनी निजी मल्टी मीडिया प्रोडक्शन सर्विस भी है, जो अपने कार्यक्रमों को प्रसारित करती है। टेलीविजन व्यक्ति के ज्ञान को बढ़ाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वर्तमान में यह मीडिया का प्रमुख हिस्सा है। यूनेस्को टेलीविजन को संचार का एक महत्वपूर्ण साधन मानता है। इस माध्यम ने लोगों के बीच ज्ञान के प्रवाह को बनाए रखा है। कम विकसित देशों में यह ज्ञान को बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। यह विश्व भर के लोगों के बीच समानता को दिखाता है। टेलीविजन का शाब्दिक अर्थ प्राचीन ग्रीक भाषा के शब्द टेली और लैटिन भाषा के शब्द विजियो को मिलाकर बनाया गया है। टेली का मतलब होता है- दूर और विजियो का मतलब होता है-देखना। यानी दूर से देखना। टीवी का प्रयोग पहली बार 1920 के ही दशक में ही शुरू किया गया। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद ही यह लोकप्रिय हुआ। स्कॉटलैंड के इंजीनियर जेएल बेयर्ड ने 26 जनवरी 1926 को टीवी प्रसारण का प्रदर्शन किया। इसलिए उन्हें ही टीवी का आविष्कारक मानते हैं। टेलीविजन दुनिया की समस्याओं तथा ज्वलंत मुद्दों के प्रति जागरूकता फैलाने, विश्व में जनमत तथा सार्वजनिक राय बनाने, समाचार तथा सूचना प्रसारित करने, डिबेट आयोजित करने, शांति का संदेश पहुंचाने, युद्ध के समय में महत्वपूर्ण संदेश में, टेलीविजन के माध्यम से आपातकालीन प्रसारण करने में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। संचार प्रक्रिया में संचार संदेश की अपेक्षा और संचार माध्यम की भूमिका अधिक महत्वपूर्ण है, मार्शल मेकलुहान ने 'मीडियम इज मैसेजज' में यह कहा है। कभी-कभी श्रोता संदेश की अपेक्षा संचार माध्यम से अधिक प्रभावित होता है, क्योंकि प्रौद्योगिकी का अपना अलग आकर्षण है। वास्तव में जन-संचार की जनक, मीडिया प्रौद्योगिकी ही है। यह पूरी सदी ही सूचना और तकनीक की सदी है।

हमारे दैनिक जीवन पर टेलीविजन का प्रभाव

सूचना प्रौद्योगिकी और संचार का इस्तेमाल हम सभी के जीवन में बहुत ज्यादा है। जीवन के विभिन्न क्षेत्र जैसे मनोरंजन, शिक्षा, सेहत, रिश्तों, यात्रा, शॉपिंग से लेकर हमारी सुबह से रात तक हर चीज सूचना तकनीक से जुड़ी हुई है। यह कहना कोई बड़ी बात नहीं है कि वर्तमान में सूचना तकनीक ने पूरे विश्व को नियंत्रित और केन्द्रित कर लिया है। युवा पीढ़ी तक सीमित रहने वाली आईटी इंडस्ट्री का प्रभाव और उपयोग छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सबके लिए है। हम यह जानते हैं कि दुनिया की हर चीज लाभदायक और हानिकारक दोनों होती है। अतः टेलीविजन भी इस सन्दर्भ में कोई अपवाद नहीं हो सकता है। यह निश्चित रूप से हमारे समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालता है जैसे नई सूचना के बारे में जानकारी देता है, संस्कृतियों का आदान-प्रदान करता है, तो दूसरी तरफ इसका नकारात्मक प्रभाव ये है कि लोगों के अंदर विचार करने की क्षमता को नियंत्रित करने में अपनी भूमिका निभाता है तथा बहुत ज्यादा समय अब लोग इंटरनेट में व्यर्थ कर रहे हैं।

दूरदर्शन का इतिहास

टेलीविजन के विकास की यात्रा को हमारी पीढ़ी ने अपनी आंखों के सामने आगे बढ़ते हुए देखा है। हमारे देश में दूरदर्शन का प्रसारण पहली बार 15 सितम्बर, 1959 को प्रयोग के तौर पर आधे घंटे के लिए शैक्षिक और विकास कार्यक्रमों के रूप में शुरू किया गया। दूरदर्शन का प्रसारण सप्ताह में सिर्फ तीन दिन आधा-आधा घंटे होता था। तब इसे 'टेलीविजन इंडिया' नाम दिया गया था। इस समय संचार माध्यमों का प्रमुख कार्य लोगों को सूचना देना ही नहीं अपितु जागरूक करना भी था। संचार माध्यम ने श्रोताओं, दर्शकों को जागरूक करने का कार्य किया। रंगीन टेलीविजन की शुरुआत होने के बाद दूरदर्शन ने एशियाड गेम्स का लाइव रंगीन प्रसारण किया। यहीं से टेलीविजन लोकप्रियता के शिखर को छूने लगा। मैक्सिको से शुरू हुई टेलीविजन की नई विधा सोप ओपेरा या धारावाहिक का प्रसारण भारत में 'हम लोग' के जरिए किया गया। इस धारावाहिक ने टेलीविजन के दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। रजनी, रामायण, महाभारत जैसे धार्मिक और मनोरंजन कार्यक्रम के कारण दूरदर्शन आधुनिक कला, साहित्य और संस्कृति का प्रमुख केंद्र बन गया। टेलीविजन ने 'टेक्नोलॉजी शेप द सोसायटी' की अवधारणा को साकार किया, टेलीविजन के विकास और विस्तार के इस दौर में दर्शकों की पसंद के हिसाब से ही अब शो बनने लगे। टेलीविजन की दुनिया में नवाचार बढ़ते गए, जिससे दर्शकों की पसंद और विषय के अनुरूप अलग-अलग टेलीविजन चैनल भी विकसित हुए। टेलीविजन पर न्यूज, म्यूजिक, फिल्म, बिजनेस, धार्मिक समेत अलग-अलग विषयों पर केंद्रित अलग-अलग चैनल शुरू होने लगे। संवाद में भाषा के महत्व को समझते हुए भाषायी सीमा को तोड़ते हुए विविध भाषा के विविध चैनल अब मौजूद हैं। भारत में टेलीविजन के विस्तार के लिए अशोक के. चन्द्रा, वी.जी. वर्गीज और पीसी जोशी कमेटी की रिपोर्ट ने कई अहम सुझाव दिए, इन सुझावों से लोगों के घर-घर तक टेलीविजन पहुंचा। खेती-किसानी में नए प्रयोग और नई तकनीक को किसान भाईयों से रूबरू कराने के लिए कृषि दर्शन कार्यक्रम प्रसारित किया गया, जो आज सबसे लंबी अवधि से प्रसारित कार्यक्रम बन गया है, जिसका प्रसारण 1967 से लगातार हो रहा है। वीजी वर्गीज ने भी जनसंचार को विकास से जोड़ने के लिए जनसंचार की एक राष्ट्रीय नीति और उसके लोकतांत्रिक दर्शन के स्वरूप का समर्थन किया। संचार की स्थानीयकरण पर पी.सी. जोशी कमेटी ने भी रिपोर्ट के माध्यम से विकास संचार व ग्राम विकास के कारकों को कार्यक्रमों में शामिल करने की बात कहीं। लोकतांत्रिक प्रसारण में एक नए युग का सूत्रपात तब हुआ, जब 1995 में सुप्रीम कोर्ट ने हवाई तरंगों पर सरकार के एकाधिकार को गलत बताते हुए जनता की संपत्ति के रूप में बताया, जिससे टेलीविजन के नए दौर की शुरुआत हुई, जिसमें निजी प्रसारण के साथ मनोरंजक प्रधान कार्यक्रमों का प्रसारण होना शुरू हुआ।

(फोटो गूगल से साभार)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, बुरहानपुर

E-mail - eephed_bur@rediffmail.com, Phone No. : 07325-241085

क्र. 1916/निविदा/लोस्वायांवि/2020 बुरहानपुर, दिनांक 12.11.2020

निम्नलिखित कार्य की ऑनलाइन निविदा सूचना क्र. 25/2020-21 ई-टेंडरिंग पद्धति से ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **(http://mptenders.gov.in/nicgep/app)** आमंत्रित है।

स. क्र.	ऑनलाइन टेण्डर नंबर	कार्य का नाम	निविदा की अनुमानित लागत रु. लाख में	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1.	2020_PHED_114213_1	Design, Construction and Retrofitting of Piped Water Supply Scheme under Jal Jeevan Mission at Village (1) KHAKNARKHURA, (2) MANJRODKHURD, (3) DAHINDA, (4) CHIDIYAMAL, (5) CHOKHANDIYA, (6) ZOLPURA, Block KHAKNAR Distt. Burhanpur.	311.70	311700	15000
2.	2020_PHED_114213_2	Design, Construction and Retrofitting of Piped Water Supply Scheme under Jal Jeevan Mission at Village (1) MANDAWA, (2) DAYYAT, (3) KHADKI Block KHAKNAR Distt. BURHANPUR.	445.37	445370	15000

नोट - 1. यह केवल संक्षिप्त निविदा सूचना है एवं विस्तृत निविदा प्रपत्र की समस्त शर्तें बंधनकारक होंगी। विस्तृत निविदा उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

2. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन पर **दिनांक 28.11.2020 को सायंकाल 5.30 बजे तक** आवश्यक राशि का भुगतान एटीएम कम डेबिट कार्ड, केश कार्ड तथा इंटरनेट बैंकिंग द्वारा क्रय किये जा सकेंगे।

कार्यपालन यंत्री
जी-15660/44698/2020 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, खण्ड बुरहानपुर

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, मंदसौर

दूरभाष क्रमांक - 07422-256284, फैक्स - 07422-255215

महू नीमच रोड शासकीय महाविद्यालय के पास मंदसौर, E-mail - eephedmas@mp.nic.in

NIT NO. 17/2020-21

क्रमांक 2505/ब.ले.लि./का.यं./2020 मंदसौर, दिनांक 17.11.2020

निम्नलिखित कार्य आमंत्रण सूचना वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर प्रदर्शित की गई है। टेंडर का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :-

टेंडर आई.डी. क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपयों में)	1. अर्नेस्टमनी (रुपये में) 2. आमंत्रण क्र.	समयावधि (वर्षाकाल सहित)	निविदा क्रय की अंतिम तिथि
2020_PHED_113453_1	Design and Construction of water supply schemes under jal jeevan Mission at Villages 1. Tokda, 2. Amba of Block Sitamau Distt. Mandsaur based on underground sources including construction of R.C.C. sump well, R.C.C. over head tank, providing and installation of pumps at under ground sources and sump, providing laying & Jointing of pumpingmain and distribution pipe lines, household tap connections and electric power connections including cost of all material & labour along with 90 days successful trial run of entire schemes as per detailed scope of work. As per BOQ	1,91,87,845/-	1. 191878/- 2. द्वितीय आमंत्रण	160 दिवस	**01.12.2020 17.30 तक**

उक्त कार्य की निविदा क्रेडिट कार्ड/इन्टरनेट बैंकिंग एकाउन्ट के माध्यम से भुगतान करने पर ऑनलाइन उक्त वेबसाइट पर क्रय की जा सकती है। निविदा से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

नोट :- निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन वेबसाइट पर देखा जा सकता है। संशोधन पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वा.यां. खंड मंदसौर
जी-15651/44695/2020 मोबाइल नं. 9981467992

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड
मुसाखेडी, इंदौर, ई-मेल eephedind@nic.in

क्रमांक 2912/निविदा/लो.स्वा.यां.खंड/2020 इंदौर, दिनांक 18.11.2020

निविदा सूचना क्र. 39/2020-21

इंदौर जिले के विकासखण्ड सांवेर के विभिन्न ग्रामों में "जल जीवन मिशन" अंतर्गत पाइप लाइन घरेलू नल कनेक्शन आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी, संपवेल कम पंप हाउस, मोटर पंप एवं अन्य संबंधित कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। जिनके टेण्डर आई.डी. क्रमशः 2020_PHED_114650_1, 114651_1, 114652_1 एवं 114653_1 है। समस्त कार्यों की कुल अनुमानित लागत रु. 1727.78 लाख है। उपरोक्त निविदाओं में ऑनलाइन निविदा दर डालने की **अंतिम तिथि 02.12.2020 दोपहर 03:00 बजे तक** निर्धारित है। धरोहर राशि एवं अन्य विस्तृत विवरण ई-टेण्डर **(http:www.mptenders.gov.in)** पर देखा जा सकता है। निविदाओं में भविष्य में किये जाने वाले समस्त संशोधन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर ही प्रकाशित किये जावेंगे।

कार्यपालन यंत्री एवं सदस्य सचिव,
जिला जल एवं स्वच्छता मिशन,
जी-15630/44694/2020 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, इंदौर

प्राचार्य, शासकीय महिला पॉलीटेक्निक, महाविद्यालय भोपाल (म.प्र.)
गेस्ट/एडजक्ट फैकल्टी की आवश्यकता हेतु सूचना

क्रमांक स्था/गेस्ट फैकल्टी/2020/1783 भोपाल, दिनांक 19.11.2020

शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, शिवाजी नगर भोपाल में शैक्षणिक सत्र 2020-21 हेतु महाविद्यालय में संचालित डिप्लोमा, पाठ्यक्रमों आर्किटेक्चर एंड इंटीरियर डिजाईन एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में रसायन शास्त्र विषय हेतु गेस्ट/एडजक्ट फैकल्टी की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित हैं।

1. अनुभवी एवं पात्र उम्मीदवार महाविद्यालय की **वेबसाइट www.gwpbpl/ac.in** पर **दिनांक 01 दिसम्बर 2020 तक** आवेदन कर सकते हैं।
2. आवेदन सम्बन्धी विस्तृत विवरण महाविद्यालय की **वेबसाइट www.gwpbpl.ac.in पर** उपलब्ध है।

जी-15627/44693/2020 प्राचार्य

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड-गुना

क्रमांक 3861/ब.ले.लि/2020-21/का.यं/लो.स्वा.यां.वि/गुना, दिनांक 13.11.2020

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 30/ब.ले.लि/2020-21

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in/nicgep/app.** पर गुना जिले के विभिन्न विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत आर.सी.सी. ओवर हेड टेंक, पाइप लाइन, घरेलू नल कनेक्शन एवं विद्युत संयोजन कार्य हेतु निविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित हैं।

स निविदा क्र.क्रमांक/ दिनांक	सिस्टम क्रमांक	विकास खण्ड	ग्राम	निविदा की कुल लागत रु. (लाख)	धरोहर राशि (EMD) निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ठेकेदार की श्रेणी
1. 30/ 13.11.20	2020_PHED_114356_1	गुना	9	268.93	रु. 15000/	6 माह वर्षाकाल छोड़कर सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
2. 30/ 13.11.20	2020_PHED_114357_1	राघौगढ़	6	278.42	रु. 15000	6 माह वर्षाकाल छोड़कर सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
3. 30/ 13.11.20	2020_PHED_114358_1	राघौगढ़	6	194.70	रु. 12500/	6 माह वर्षाकाल छोड़कर सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
4. 30/ 13.11.20	2020_PHED_114359_1	आरोन	4	159.74	रु. 12500/	6 माह वर्षाकाल छोड़कर सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि	: **01.12.2020**	**17:30 बजे**
ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि	: 01.12.2020	17:30 बजे
ऑनलाइन निविदा दर खेलने की तिथि	: 03.12.2020	11:00 बजे

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर (Online System) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन भुगतार कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाइट पर देखें।

सदस्य सचिव जिला जल एवं स्वच्छता मिशन,
जी-15662/44699/2020 तथा कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग गुना, जिला-गुना

जब तक कोरोना की दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बुरहानपुर

E-mail - eephed_bur@rediffmail.com, Phone No. - 07325-241085

क्र. 1915/निविदा/लोस्वायांवि/2020 बुरहानपुर, दिनांक 12.11.2020

द्वितीय आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य की ऑनलाइन निविदा सूचना क्र. 24/2020-21 ई-टेण्डरिंग पद्धति से ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **(http://mptenders.gov.in/nicgep/app)** आमंत्रित है।

स. क्र.	ऑनलाइन टेण्डर नंबर	कार्य का नाम	निविदा की अनु. लागत रु. लाख में	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1.	2020_PHED_114211_1	Retrofitting work of Piped Water Supply Scheme including design and construction at Village EMAGIRD Block BURHANPUR Distt. BURHANPUR	453.65	453650	15000
2.	2020_PHED_114211_2	Retrofitting work of Piped Water Supply Scheme including design and construction at Village BORIBUJURG, DAWATIYA Block BURHANPUR Distt. BURHANPUR	435.76	435760	15000
3.	2020_PHED_114211_3	Retrofitting work of Piped Water Supply Scheme including design and construction at Village BODARLI, BORSAR, CHAPORA, Block BURHANPUR Distt. BURHANPUR	435.21	435210	15000
4.	2020_PHED_114211_4	Retrofitting work of Piped Water Supply Scheme including design and construction at Village HAMIDPURA SOLABALADI, KHATLA, ZHANZAR Block BURHANPUR Distt. BURHANPUR	480.00	480000	15000
5.	2020_PHED_114211_5	Retrofitting work of Piped Water Supply Scheme including design and construction at Village BAHADARPUR, Block BURHANPUR Distt. BURHANPUR	261.47	261470	15000
6.	2020_PHED_114211_6	Retrofitting work of Piped Water Supply Scheme including design and construction at Village KHATLA VANGRAM, DHULKOT, Block BURHANPUR Distt. BURHANPUR	370.76	370760	15000
7.	2020_PHED_114211_7	Retrofitting work of Piped Water Supply Scheme including design and construction at Village JAINBAD, Block BURHANPUR Distt. BURHANPUR	191.27	191270	12500
8.	2020_PHED_114211_8	Construction of Piped Water Supply Scheme including design and construction at Village AMBA, ASIRGADH, Block BURHANPUR Distt. BURHANPUR	378.12	378120	15000

नोट - 1. यह केवल संक्षिप्त निविदा सूचना है एवं विस्तृत निविदा प्रपत्र की समस्त शर्तें बंधनकारक होंगी। विस्तृत निविदा उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है। 2. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन पर **दिनांक 23.11.2020** को सायंकाल 5.30 बजे तक आवश्यक राशि का भुगतान एटीएम कम डेबिट कार्ड, केश कार्ड तथा इंटरनेट बैंकिंग द्वारा क्रय किये जा सकेंगे।

कार्यपालन यंत्री
जी-15609/44685/2020 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, बुरहानपुर

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बुरहानपुर

E-mail - eephed_bur@rediffmail.com, Phone No. 07325-241085

क्र. 1911/निविदा/लोस्वायांवि/2020 बुरहानपुर, दिनांक 12.11.2020

द्वितीय आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य की ऑनलाइन निविदा सूचना क्र. 22/2020-21 ई-टेण्डरिंग पद्धति से ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **(http://mptenders.gov.in/nicgep/app)** आमंत्रित है।

स. क्र.	ऑनलाइन टेण्डर नंबर	कार्य का नाम	निविदा की अनु. लागत रु. लाख में	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1.	2020_PHED_114208_1	Construction work of Piped Water Supply Scheme including design and construction at Village (1) Amgaon, (2) Usharni, Block KHAKNAR Distt. BURHANPUR based on tubewells including installation of electric submersible motor pump, Centrifugal Motor pump, Design construction Testing of R.C.C. Overhead Tank & R.C.C. Sumpwell, laying & jointing of rising main, and distribution pipe line system, household tap connections, construction of pump house and electric power connections at Tubewells including cost of all material & labour with 90 Days Trial Run/Commissioning period as per NIT.	183.85	183850	12500
2.	2020_PHED_114208_2	Construction work of Piped Water Supply Scheme including design and construction at Village (1) Dantpahari, (2) Mohangarh, Block KHAKNAR Distt. BURHANPUR based on tubewells including installation of electric submersible motor pump, Centrifugal Motor pump, Design construction Testing of R.C.C. Overhead Tank & R.C.C. Sumpwell, laying & jointing of rising main, and distribution pipe line system, household tap connections, construction of pump house and electric power connections at Tubewells including cost of all material & labour with 90 Days Trial Run/ Commissioning period as per NIT.	187.71	187710	12500
3.	2020_PHED_114208_3	Construction work of Piped Water Supply Scheme including design and construction at Village (1) Pipriborban, (2) Ramakheda Khurd, Block KHAKNAR Distt. BURHANPUR based on tubewells including installation of electric submersible motor pump, Centrifugal Motor pump, Design construction Testing of R.C.C. Overhead Tank & R.C.C. Sumpwell, laying & jointing of rising main, and distribution pipe line system, household tap connections, construction of pump house and electric power connections at Tubewells including cost of all material & labour with 90 Days Trial Run/ Commissioning period as per NIT.	144.12	144120	12500
4.	2020_PHED_114208_4	Construction work of Piped Water Supply Scheme including design and construction at Village (1) SavaliRyt, (2) Shekhpura, Block KHAKNAR Distt. BURHANPUR based on tubewells including installation of electric submersible motor pump, Centrifugal Motor pump, Design construction Testing of R.C.C. Overhead Tank & R.C.C. Sumpwell, laying & jointing of rising main, and distribution pipe line system, household tap connections, construction of pump house and electric power connections at Tubewells including cost of all material & labour with 90 Days Trial as per NIT.	176.26	176260	12500
9.	2020_PWDRB_113922_1	जबलपुर जिले के मेडिकल हॉस्पिटल में नवनिर्मित लेक्टेशन मैनेजमेंट सेन्टर में विद्युतीकरण का कार्य।	Rs. 6.55 लाख	रु. 13,100/-	Rs. 2000/-	Up to 31.03.2021	1. नवीन पंजीकरण एवं "ब" श्रेणी विद्युत लाइसेंस। 2. प्रथम कॉल।
10.	2020_PWDRB_113925_1	नरसिंहपुर जिले के करेली रेल्वे क्रॉसिंग 271 के आर.ओ.बी. में प्रकाश व्यवस्था हेतु विद्युतीकरण का कार्य।	Rs. 23.99 लाख	रु. 47,980/-	Rs. 5000/-	4 Month	1. नवीन पंजीकरण एवं "अ" श्रेणी विद्युत लाइसेंस। 2. प्रथम कॉल।

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 24.11.2020, (17.30) बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

जी-15553/44681/2020 **कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (वि./यां.), संभाग, जबलपुर**

जब तक कोरोना की दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं।

कार्यालय अतिरिक्त परियोजना संचालक
लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई,
निर्माण भवन, प्लॉट नं. - 27-28, अरेरा हिल्स, भोपाल

एनआईटी नं.-21/2020/निविदा आमंत्रण/सा/एपीडी **भोपाल, दिनांक 10.11.2020**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रित की जाती है।

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. गुरुकुलम परिसर, भोपाल में 280 सीटर बालिका छात्रावास के शेष कार्य।

पोर्टल टेंडर क्र.	जिला	ठेके की अनु. राशि (पीएमी) (रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित
2020_PWPIU_113886_1	भोपाल	912.23	912230/-	20000/-	18 माह वर्षाकाल सहित

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 2. नवीन शासकीय विद्यालय (जी + 2) भवन परवलिया में 03 नग लैव एवं 02 नग अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य।

2020_PWPIU_113964_1	भोपाल	64.23	64230/-	10000/-	08 माह वर्षाकाल सहित

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 3. नवीन शासकीय सरदार वल्लभभाई पटेल विद्यालय (जी + 2) भवन करोंद में 03 नग लैव एवं 02 नग अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य।

2020_PWPIU_113935_1	भोपाल	64.23	64230/-	10000/-	08 माह वर्षाकाल सहित

1. निविदा से संबंधित डाक्यूमेंट वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। 3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन **दिनांक 10.11.2020 समय 10.30 से दिनांक 25.11.2020 समय 17.30 तक** खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है। 4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किया जायेंगे, पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

जी-15540/44680/2020 **अतिरिक्त परि. संचालक (मुख्य अभियंता), लो.नि.वि., पी.आई.यू., भोपाल**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड परासिया
निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-प्रोक्योरमेंट ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदाओं हेतु निविदा प्रपत्र डाउनलोड/क्रय करने की **दिनांक 11.11.2020, 05:05 PM से** प्रारंभ है।

कार्य का नाम - छिन्दवाड़ा जिले के खंड परासिया के विकासखंड जामई के ग्राम रामपुर एवं हनोतिया में जल जीवन मिशन अंतर्गत गुणवत्ता प्रभावित नलजल योजनाओं के तहत निर्धारित स्पेसीफिकेशन अनुसार रेजिन आधारित फ्लोराइड रिमूवल प्लांट क्षमता 10,000 ली./घण्टा, ग्राम रामपुर में जलक्षमता 75K.L. एवं 12 मीटर ऊंचाई युक्त आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी, 2 नग, 20 कि.ली. जल क्षमता के सम्पवेल, सबमर्सिबल पम्प, रेडिमेड पम्प हाउस, विभिन्न व्यास एवं प्रकार के पाइप लाइन बिछाने एवं जोड़ने तथा घरेलु नल कनेक्शन योजना के विद्युतिकरण कार्य एवं समस्त सामग्री प्रदाय सहित 90 दिन ट्रायलरन एवं कमिशनिंग सहित 2 वर्ष तक योजना के संचालन एवं संधारण का कार्य। (वी.ओ.क्यू. के अनुसार)।

ई. टेण्डर आई. डी. क्र.	निविदा क्रमांक/ दिनांक	विकास-खंड का नाम	अनु. लागत (रु. लाख में)	अमानत राशि रुपये	निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपये	बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि/समय	बिड ओपन करने की तिथि/ समय	ठेकेदार की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने की अवधि
2020-PHED-114017_1	38/20-21/ 11.11.20	जामई	185.21	185210/-	12500/-	**26.11.20 5.30 PM**	28.11.20 1.00 PM	नवीन केन्द्रीयकृत पद्धति पर सक्षम श्रेणी एवं उससे ऊपर	180 दिन

निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क, कैश-कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड अथवा इन्टरनेट बैंकिंग एकाउंट के माध्यम से उपरोक्त वेबसाइट पर भुगतान कर केवल ऑनलाइन पर ही क्रय किए जा सकते हैं।
विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

सदस्य सचिव, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन तथा
जी-15618/44690/2020 **कार्यपालन यंत्री, लो.स्वा.यां.वि. खण्ड, परासिया (म.प्र.)**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड-अशोकनगर

क्रमांक 4815/ब.ले.लि../2020-21/का.यं./लो.स्वा.यां.वि./ **अशोकनगर, दिनांक 11.11.2020**

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 108 से 111/ब.ले.लि./2020-21

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in/nicgep/app** पर अशोकनगर जिले के विभिन्न विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइप लाइन, घरेलु नल कनेक्शन एवं विद्युत संयोजन कार्य हेतु निविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित हैं।

स. क्र.	निविदा क्रमांक/ दिनांक	सिस्टम क्रमांक	विकासखण्ड	ग्रामों/मजरे की संख्या	निविदा की कुल लागत रु. (लाख में)	धरोहर राशि (EMD)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ठेकेदार की श्रेणी
1.	108/12.11.2020	2020_PHED_114285_1	अशोकनगर	13	490.79	490792/-	रु. 15000/-	6 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली
2.	109/12.11.2020	2020_PHED_114288_1	ईसागढ़	07	294.33	294326/-	रु. 15000/-	6 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली
3.	110/12.11.2020	2020_PHED_114304_1	ईसागढ़	08	201.39	201393/-	रु. 15000/-	6 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली
4.	111/12.11.2020	2020_PHED_114307_1	मुंगावली	12	233.44	233441/-	रु. 15000/-	6 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि : 24.11.2020, 17.30 बजे
ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि : 24.11.2020, 17.30 बजे
ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि : 26.11.2020, 11.00 बजे
निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर (Online System) ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाइट पर देखें।

सदस्य, सचिव जिला जल एवं स्वच्छता मिशन तथा
जी-15615/44689/2020 **कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड अशोकनगर, जिला अशोकनगर**

सरदार सरोवर बांध

डूब प्रभावितों के पुनर्वास और राहत कार्यों में नहीं रहे कोई कमी

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सरदार सरोवर बांध के डूब से प्रभावितों के पुनर्वास के लिये राहत कार्यों को पूर्ण तत्परता से करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण की 14वीं रिव्यू कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में बताया गया कि सरदार सरोवर बांध पहली बार वर्ष 2019 में पूरा भरने से डूब क्षेत्र में मध्यप्रदेश के 76 ग्रामों की भूमि, मकान, सड़कें और कृषि भूमि आयी थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डूब प्रभावित क्षेत्रों के लोगों के पुनर्वास, अधोसंरचना जैसे सड़क, पुल-पुलिया, भू-अर्जन आदि प्रकरणों के निराकरण पर हुये व्यय और विद्युत के कम उत्पादन से मध्यप्रदेश सरकार को हुयी क्षति के लिये गुजरात और मध्यप्रदेश सरकारों के मध्य आवश्यक राशि के आदान-प्रदान के लिये दोनों सरकारें आर्बिट्रेटर नियुक्त करेंगी।

अपर मुख्य सचिव श्री आई.सी.पी. केशरी ने बताया कि 2019 में पहली बार सरदार सरोवर बांध के पूर्ण रूप से भरने से कृषि भूमि, मकान, सड़क और पुल-पुलिया डूब में आयी, जिसका चिन्हांकन कमिश्नर पुनर्वास और इंदौर सम्भाग के संभागायुक्त द्वारा किया जा चुका है।

बैठक में बताया गया कि सरदार सरोवर बांध से कम विद्युत उत्पादन लेने के कारण मध्यप्रदेश सरकार को 904 करोड़ रुपये की क्षति हुयी है। प्रथम बार बांध भरने पर नवीन भू-अर्जन पर लगभग 100 करोड़ रुपये और क्षतिग्रस्त पुल-पुलियों और सड़कों के नवीन निर्माण पर 298.28 करोड़ रुपये का भार राज्य सरकार पर आया है।

रतलाम बनेगा स्मार्ट मीटर स्थापना वाला प्रदेश का दूसरा शहर

भोपाल, मध्यप्रदेश के रतलाम शहर में रेडियो फ्रिक्वेंसी तरीके से रीडिंग देने वाले अत्याधुनिक स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। बिजली कंपनी की इस उपलब्धि पर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बधाई दी है। इंदौर शहर के बाद अब पूरे रतलाम शहर में स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे।

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने बताया कि रेडियो फ्रिक्वेंसी पद्धति से तरंगों के माध्यम से रीडिंग भेजने वाले ये मीटर रतलाम शहर के रत्नपुरी, काटजू नगर एवं बाजना बस स्टैंड फीडर से जुड़े उपभोक्ताओं के घरों में स्थापित होंगे। इन मीटरों की रीडिंग उसी इलाके में संचार उपकरण राउटर लगाकर की जाएगी। यह राउटर तीन सौ से चार सौ मीटरों की रीडिंग हर माह एक तारीख को बिजली कंपनी के स्थानीय रतलाम कंट्रोल सेंटर एवं इंदौर स्थित सेंट्रलाइज्ड कंट्रोल सेंटर भेज देंगे। इसी रीडिंग से बिल जारी होंगे। इन स्मार्ट मीटर्स को कंपनी के ऊर्जस एप पर लाइव भी देखा जा सकता है। उपभोक्ता घर से दूर बैठकर अपने बिजली उपयोग व पिछले माहों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

श्री तोमर ने बताया कि ये सभी मीटर उपभोक्ताओं के यहां निःशुल्क लगाए जाएंगे। स्थापना अवधि के बाद इनकी साढ़े पांच साल की गारंटी भी है।

प्रदेश में विश्वस्तरीय मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स हब होगा स्थापित

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री बिसाहूलाल सिंह भोपाल में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लक्षित कार्यों की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री बिसाहूलाल सिंह ने भोपाल में विभागीय समीक्षा बैठक में कहा कि प्रदेश में विश्वस्तरीय मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स हब की स्थापना की जायेगी। उन्होंने मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स हब, सेंटर फॉर पेरिशबल कार्गो, उद्योगों के अनुकूल परिसंपत्तियों का उन्नयन आधुनिकीकरण, मुद्रीकरण एवं लॉजिस्टिक्स संचालन का डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से एंड टू एंड इंटीग्रेशन किये जाने की समग्र रूपरेखा पर चर्चा की। श्री सिंह ने उपार्जन कार्यों एवं बारदानों की समीक्षा कर अधिकारियों को अग्रिम रूप से व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये।

मल्टी–मॉडल लॉजिस्टिक्स हब

समीक्षा बैठक में प्रमुख सचिव श्री फैज़ अहमद किदवई ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रदेश को देश के प्रमुख भंडारण एवं लॉजिस्टिक्स हब के रूप में स्थापित किया जायेगा। विश्व स्तरीय मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स हब का निर्माण आगामी 52 माह में पूरा होने का लक्ष्य रखा गया है। मार्च 2024 तक परियोजना अपना मूर्त स्वरूप प्राप्त कर लेगी।

सेंटर फॉर पेरिशबल कार्गो की स्थापना

श्री बिसाहूलाल सिंह ने नाशवान सामग्री के लिए हवाई अड्डों पर सेंटर फॉर पेरिशबल कार्गो की स्थापना के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। प्रमुख सचिव श्री किदवई ने बताया कि यह परियोजना डेढ़ वर्ष में पूरी किये जाने का लक्ष्य है। इसका संचालन 1 अप्रैल 2022 में प्रारंभ किये जाने का लक्ष्य है।

उपलब्ध संसाधनों का उन्नयन

श्री सिंह ने प्रदेश में उपलब्ध संसाधनों उद्योगों के अनुकूल उन्नयन किये जाने की समीक्षा की। प्रमुख सचिव ने कहा कि प्रदेश में उपलब्ध मौजूदा परिसंपत्तियों का उन्नयन किया जा रहा है। उनके आधुनिकीकरण एवं मुद्रीकरण का आकलन किया जाकर उद्योगों के अनुकूल संसाधनों के उन्नयन का कार्य प्रगति पर है। इसे समय-सीमा 31 मार्च 2021 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

लॉजिस्टिक्स संचालन के लिए एंड टू एंड इंटीग्रेशन

श्री किदवई ने बताया कि वेयर हाउसिंग और ट्रांसपोर्टेशन संचालन के डिजिटलाइजेशन से ग्राहक की संतुष्टि में वृद्धि एवं भागीदारों को अधिक मूल्य प्रदान करने से निर्माताओं, परिवहन एवं परिवहन संचालकों को एक प्रभावी सप्लाई चेन-मैनेजमेंट का अनुभव प्रदान होगा। इसके लिये प्रोफेशनल कम्पनी की नियुक्ति की जाकर एंड टू एंड इंटीग्रेशन के विज़न डॉक्यूमेंट की संरचना एवं वर्तमान प्रक्रिया का अध्ययन एवं गैप एनालिसिस का कार्य प्रगति पर है।

ट्रैफिक डायरेक्टोरेट के लिये पुनः बनाकर भेजें प्रस्ताव - गृह मंत्री

दतिया में आधुनिक पुलिस मोटर–ड्रायविंग ट्रेनिंग स्कूल बनेगा

गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा भोपाल में सड़क सुरक्षा संबंधी कार्यों की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने पुलिस प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान (पीटीआरआई) में सड़क सुरक्षा संबंधी कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने भोपाल में ट्रैफिक डायरेक्टोरेट (यातायात संचालनालय) कमाण्ड सेंटर के निर्माण के लिये एक सप्ताह में रिवाइज्ड प्रपोजल तैयार कर मंत्रालय भेजने के निर्देश दिये। डॉ. मिश्रा ने दतिया में तमिलनाडु की तर्ज पर आधुनिक पुलिस मोटर-ड्रायविंग ट्रेनिंग स्कूल बनाने के लिये 15 दिवस की समयावधि में प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश भी दिये।

बैठक में अतिरिक्त महानिदेशक, पीटीआरआई श्री डी.सी. सागर ने बैठक में बताया कि प्रदेश में सर्वाधिक ब्लैक-स्पॉट क्रमशः खरगोन में 29, सीहोर और मुरैना में 24-24 चिन्हांकित किये गये हैं। डॉ. मिश्रा ने एक्सीडेंट जोन वाले चिन्हित ब्लैक-स्पॉटों पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोड सेफ्टी के लिये जारी गाइडलाइन अनुसार रोड एजेंसियों को कार्य करने हेतु आवश्यक निर्देश प्रसारित करने को कहा है। श्री सागर ने उपलब्ध बजट राशि को नॉन लैप्सेबल फंड में परिवर्तित किये जाने की आवश्यकता जताते हुए कहा कि इससे सड़क एवं यातायात को सुगम बनाये रखने के लिये फंड लैप्स नहीं होगा। गृह मंत्री ने नॉन लैप्सेबल फंड के गजट नोटिफिकेशन के लिये आवश्यक कार्यवाही कर शासन को भेजने के निर्देश दिये।

गृह मंत्री ने सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ितों को गोल्डन ऑवर (दुर्घटना के एक घंटे) में सहायता प्रदान करने वालों को प्रोत्साहित करने की पुरस्कार योजना की प्रशंसा की। डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि मदद करने वालों को संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार पुलिस से आवश्यक मदद मिलेगी और उन्हें विभिन्न प्रकार की पूछताछ एवं गवाही से भी छूट मिलेगी। मददगारों को अनावश्यक रूप से बुलाया नहीं जायेगा। बैठक में बताया गया कि मददगार नेक व्यक्तियों और सड़क तथा यातायात को सुरक्षित बनाने के लिये कार्य में संलग्न स्वयंसेवी अथवा शासकीय संस्थाओं को पृथक-पृथक श्रेणियों में क्रमशः 5 लाख, 3 लाख और 2 लाख रुपये की राशि के पुरस्कारों से सम्मानित किया जायेगा।

अनुसूचित जाति वर्ग के 40 छात्रों को मिला विदेश में उच्च शिक्षा अध्ययन का मौका

भोपाल, प्रदेश में पिछले वर्ष अनुसूचित जाति वर्ग के 40 छात्रों को विदेश में उच्च शिक्षा अध्ययन का मौका मिला है। इस पर अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा करीब 8 करोड़ 72 लाख रुपये की राशि व्यय की गई। राज्य शासन द्वारा वर्ष 2014-15 से इस योजना में संशोधन कर विदेशों में उच्च शिक्षा अध्ययन के लिये विद्यार्थियों की संख्या 10 से बढ़ाकर 50 निर्धारित की गई है। योजना का लाभ उन विद्यार्थियों को दिया जा रहा है, जिनके अभिभावकों की वार्षिक आय 6 लाख रुपये है।

योजना में चयनित विद्यार्थियों को ऑस्ट्रेलिया, रूस, अमेरिका, इंग्लैंड, स्विट्जरलैंड, पोलैंड, मलेशिया, सिंगापुर एवं आदि देशों में उच्च शिक्षा हेतु छात्रवृत्ति मंजूर की गई है। उच्च शिक्षा हेतु जिन विषयों में छात्रवृत्ति मंजूर हुई है, उनमें विज्ञान, इंजीनियरिंग, एग्रीकल्चर साइंस, मेडिकल, मैनेजमेंट, इंटरनेशनल कॉमर्स, अकाउंटिंग फाइनेंस, फॉरेस्ट्री, नेचुरल साइंस और लॉ विषय शामिल हैं।

जनजाति क्षेत्रों में शिक्षण संस्थाओं के निर्माण कार्य के लिये 15 करोड़ रुपये मंजूर

कार्यालय आयुक्त आदिवासी विकास विभाग द्वारा स्पेशल रेसिडेंशियल एंड एकेडमिक सोसायटी के 64 वृहद और 2 उप-वृहद निर्माण कार्यों के लिये 15 करोड़ 58 लाख रुपये की राशि मंजूर की गई है। स्वीकृत राशि से इस संस्था के शैक्षणिक संस्थानों में जनजाति वर्ग के पढ़ने वाले विद्यार्थियों की सुविधा बढ़ाने के लिये निर्माण कार्य कराये जाएंगे। इन कार्यों को लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जाएगा।

उत्कृष्ट विद्यालयों के लिये करीब पौने 5 करोड़ रुपये की राशि मंजूर

कार्यालय आयुक्त आदिवासी विकास ने सिवनी, शहडोल, मंडला, बैतूल और उमरिया जिलों के जनजाति क्षेत्रों में संचालित उत्कृष्ट विद्यालय के विभिन्न निर्माण कार्यों के लिये पौने 5 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की है। स्वीकृत राशि से विद्यालयों में रिनोवेशन, पेयजल, वाउंड्रीवॉल, प्रकाश व्यवस्था संबंधी कार्य प्रमुखता से कराये जाएंगे।

ग्रामीण नल-जल योजनाओं के लिये 18.16 करोड़ रुपये स्वीकृत

भोपाल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग प्रदेश की समूची ग्रामीण आबादी की पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु निरन्तर कार्य कर रहा है। रेट्रोफिटिंग योजना के अन्तर्गत भोपाल जिले के ग्रामीण क्षेत्र की 4, सीहोर जिले की 10 तथा हरदा जिले की 8 ग्रामीण नल-जल योजनाओं के लिए 18 करोड़ 15 लाख 80 हजार रुपये की स्वीकृति जारी की गई है।

प्रस्तावित कार्यों के क्रियान्वयन में जल जीवन मिशन के मापदण्डों का पालन किया जा रहा है।

इन ग्रामीण नल-जल योजनाओं से भोपाल जिले के ग्राम रूनाहा, कढ़ैयाशाह, बाबचिया, रतुआरतनपुर, सीहोर जिले के ग्राम भंवरीकला, खड़ीहाट, खाचरोद, गवाखेड़ा, ग्वाली, कुण्डियानाथू, अरनियाराम, नौगांव, मैना, कजलास एवं हरदा जिले के ग्राम चारूवा, छीपानेर, भादूगांव, खिड़कीवाला, सोडलपुर, डोलरिया, तजपुरा तथा सिरकम्बां की ग्रामीण आबादी को लाभ मिलेगा।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

कौशल विकास का आधुनिक प्रयोग होगा आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का आधार

भोपाल, कौशल विकास एवं तकनीकी शिक्षा का आधुनिकतम प्रयोग 'आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश' का आधार होगा। प्रदेश में कौशल विकास, कार्यबल की स्किलिंग, अप-स्किलिंग 'आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश' की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। वर्तमान परिदृश्य में रोज़गार पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है इसलिए हमें मांग आधारित कौशल पर ज्यादा काम करना होगा। यह बात तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने 'आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश' के संदर्भ में विभागीय गतिविधियों की समीक्षा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी आई.टी.आई. में टीचर्स की ऑनलाइन रेफ्रेशर ट्रेनिंग होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कौन से आधुनिक ट्रेड्स पर प्रशिक्षण दिया जा सकता है इस पर अनुसंधान कर टीचर्स को रेफ्रेशर कोर्स का प्रशिक्षण करवाएं।

तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया 'आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश' के संबंध में आयोजित विभागीय गतिविधियों की समीक्षा करती हुई।

तकनीकी शिक्षा मंत्री ने स्कूल शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा के मध्य समन्वय स्थापित कर स्टेम (साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग एवं मैथमेटिक्स) नीति तैयार कर एक माह में प्रारूप तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग के साथ मिलकर स्कूली बच्चे के लिए कौन से ट्रेड को उनके पाठ्यक्रम से जोड़ा जा सकता है, इस पर चर्चा करने के निर्देश दिए। श्रीमती सिंधिया ने कहा कि आईटीआई के प्रिंसिपल विभिन्न स्कूलों का दौरा करें और जो बच्चे कोडिंग, मशीन लर्निंग, डिजाइन थिंकिंग कोर्स करना चाहते हैं उन्हें प्रदेश के आईटीआई में इन विषयों के शॉर्ट टर्म कोर्स करने के लिए प्रोत्साहित करें। श्रीमती सिंधिया ने तकनीकी शिक्षा में छात्राओं के अनुपात को बढ़ाने के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

प्रमुख, सचिव तकनीकी शिक्षा श्रीमती केरोलिन खोंगवार देशमुख ने जानकारी दी कि इस शैक्षणिक सत्र में प्रवेश 64 प्रतिशत से बढ़कर 77 प्रतिशत हो गया है।

आयुक्त, तकनीकी शिक्षा श्री पी. नरहरि ने जानकारी दी कि स्टेम नीति का पहला ड्राफ्ट तैयार किया जा चुका है। ड्राफ्ट को इंजीनियरिंग एवं पॉलीटेक्निक कॉलेज के प्रिंसिपल को सुझाव और फीडबैक के लिए भेजा गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2020-21 के लिए ट्रेनिंग कैलेण्डर एवं फैकल्टी डेवलपमेंट प्लान तैयार किया गया है। श्री नरहरि ने बताया कि पांच इंजीनियरिंग कॉलेज जबलपुर, रीवा, उज्जैन, एमआईटीएस ग्वालियर तथा विदिशा में कैरियर एवं प्लेसमेंट सेल संचालित हैं।

कार्यालय, अध्यक्ष काउंसलिंग समिति
संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश
चतुर्थ तल, सतपुड़ा भवन, भोपाल- 462004

संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC) 2020-21

डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में
पहले आओ पहले पाओ
प्रवेश

प्रदेश में स्थित समस्त पॉलीटेक्निक महाविद्यालयों के इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रम नॉन पीपीटी डिप्लोमा पाठ्यक्रम, एकलव्य एवं अम्बेडकर योजनांतर्गत डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में दसवीं/बारहवीं उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को प्रवेश प्राप्त करने का सुनहरा अवसर

समय-सारणी

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन	प्रवेश (प्रतिदिन)
23.11.2020 से 28.11.2020	23.11.2020 से 28.11.2020

प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये संस्था स्तर की काउंसलिंग हेतु पंजीयन करा चुके अभ्यर्थी अधिकृत वेबसाइट पर संस्था/ब्रांच की उपलब्ध रिक्तियों का अवलोकन कर उपरोक्त दर्शाई गई तिथियों पर प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये इच्छुक संस्था में प्रात: 10:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक स्वयं उपस्थित होकर उपस्थिति दर्ज करवाना आवश्यक होगा। तत्पश्चात् तैयार मैरिट अनुसार प्रवेश की कार्यवाही की जायेगी।

प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी मार्गदर्शिका/काउंसलिंग प्रक्रिया, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट dte.mponline.gov.in पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन करें।

नोट : पूर्व में दिनांक 23.11.2020 से 28.11.2020 तक का जारी किया गया संस्था स्तर काउंसलिंग कार्यक्रम (CLC) को उपरोक्तानुसार संशोधित कर जारी किया जा रहा है।

म.प्र. माध्यम/98984/2020

संपर्क : 0755-6720205, 2660441 | ई-मेल : dte.helpcenter@mp.gov.in

R-44723/20

गांवों की सड़कों पर हुए अतिक्रमण सख्ती से हटाएं

हरदा, किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने हरदा जिले की खिरकिया जनपद पंचायत के आधा दर्जन से अधिक गांवों को जोड़ने के लिए मनरेगा के तहत ढाई करोड़ रुपये की लागत से सड़कों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। श्री पटेल ने सड़कों पर आवागमन सुगम रखने के लिए अतिक्रमण सख्ती से हटाने के निर्देश दिए।

श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री सड़क निर्माण, मुख्यमंत्री सड़क निर्माण सहित अन्य योजनाओं से गांवों में सड़कों का जाल बिछा दिया गया है। इससे किसानों और ग्रामीणों को काफी सहूलियत हुई है। श्री पटेल ने ग्राम पंचायत प्रतापपुरा में 30 लाख की लागत से 2 किलोमीटर, ग्राम पंचायत कुड़ावा में 6 किलोमीटर, ग्राम पंचायत पड़वा में 3 किलोमीटर, ग्राम पंचायत पाहनपाट में एक किलोमीटर, ग्राम पंचायत जमालपुरा में 3 किलोमीटर और ग्राम पंचायत बारंगा से कॉकरिया 1.40 किलोमीटर सड़क का मनरेगा के तहत निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इन सड़कों पर 2 करोड़ 47 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। श्री पटेल ने हरदा के ग्राम मसनगांव में खेत सड़क योजना के अंतर्गत 16 लाख रुपये की अनुमानित लागत से बनने वाली सड़क का भूमि पूजन किया।

पानी के टैंकर प्रदान किए

कृषि मंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों में जलसंकट से निपटने के लिए खिरकिया जनपद पंचायत के आधा दर्जन से अधिक ग्रामों के लिए पानी के टैंकर प्रदान किए। उन्होंने डेडगांवमाल ग्राम पंचायत के ग्राम दामोदरपुरा, जूनापानी भवरदी ग्राम पंचायत के ग्राम जूनापानी, ग्राम पंचायत मक्तापुर के ग्राम भवरदीमाल और मक्तापुर, ग्राम पंचायत प्रतापपुरा के ग्राम प्रतापपुरा और गोपालपुरा के साथ ग्राम पंचायत पाहनपाट को पानी के टैंकर प्रदान करते हुए उम्मीद जताई कि इन गांवों में जलापूर्ति अब बेहतर हो सकेगी।

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय क्रियान्वयन समिति गठित

भोपाल, राज्य शासन ने नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा संचालित आकांक्षी जिला कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय क्रियान्वयन समिति का गठन किया है। सदस्य सचिव राज्य नीति एवं योजना आयोग समिति के संयोजक होंगे।

समिति में योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी, वित्त, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्कूल शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास, महिला एवं बाल विकास, सहकारिता, ऊर्जा, पशुपालन, जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव अथवा सचिव सदस्य होंगे। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति राज्य स्तर पर कार्यक्रम को रणनीतिक दिशा प्रदान करेगी। अंतर्विभागीय मुद्दों का निराकरण करेगी। समिति नीति आयोग भारत सरकार द्वारा निर्धारित संकेतकों में सुधार के लिए प्रत्येक विशिष्ट क्षेत्र में प्रगति को दर्शाने वाले महत्वपूर्ण संकेतकों को चिन्हित कर आंकाक्षी जिलों तथा संबंधित विभागों को दिशा-निर्देश देगी।

पर्यटन मामलों के लिये पर्यटन कैबिनेट पुनर्गठित

भोपाल, राज्य शासन द्वारा पूर्व में गठित पर्यटन मामलों के लिये मंत्रिपरिषद् समिति (पर्यटन कैबिनेट) का पुनर्गठन किया गया है। समिति के अध्यक्ष मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान होंगे। प्रमुख सचिव, पर्यटन इस समिति के भार-साधक सचिव होंगे। समिति में लोक निर्माण, कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री श्री गोपाल भार्गव, वन मंत्री कुँवर विजय शाह, वाणिज्यिक कर, वित्त, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री श्री जगदीश देवड़ा, आदिम-जाति कल्याण एवं अनुसूचित-जाति कल्याण मंत्री सुश्री मीना सिंह मांडवे, पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. महेन्द्र सिंह सिसोदिया और पर्यटन, संस्कृति एवं आध्यात्म मंत्री सुश्री उषा ठाकुर सदस्य होंगी।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

पोषित परिवार–सुपोषित मध्यप्रदेश

अति गंभीर कुपोषित बच्चों के परिवारों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

भोपाल, सुपोषित प्रदेश की संकल्पना को साकार करने के लिए कुपोषण जैसे गंभीर विषय पर समुदाय एवं परिवार की सहभागिता पर विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसके तहत 'पोषित परिवार-सुपोषित मध्यप्रदेश' कार्यक्रम के अन्तर्गत अति गंभीर कुपोषण की श्रेणी में आने वाले बच्चों के परिवार को बच्चे के पोषण स्तर में उनके सक्रिय प्रयास से आये सुधार के लिए प्रोत्साहित एवं सम्मानित किया जायेगा।

यह प्रोत्साहन राशि एक परिवार को 200 रुपये प्रति किश्त की दर से दो किश्तों में 400 रुपये दी जायेगी। इसके तहत दो प्रावधान सुनिश्चित किये गए हैं। पहले प्रावधान में ऐसे पंजीकृत अति गंभीर कुपोषित बच्चे जिनका पोषण स्तर में अति गंभीर कुपोषण की श्रेणी से मध्य गंभीर कुपोषण की श्रेणी में आ गया हो, ऐसे परिवार को प्रोत्साहन की प्रथम किश्त की राशि देय होगी। दूसरे प्रावधान में ऐसे पंजीकृत अति गंभीर कुपोषित बच्चे जो सी-सैम (C-SAM) कार्यक्रम में मध्यम गंभीर कुपोषण की श्रेणी में आने के बाद सामान्य पोषण स्तर की श्रेणी में आ गए हैं, ऐसे परिवार को द्वितीय किश्त की राशि भी देय होगी।

इसके अतिरिक्त बच्चे से संबंधित अन्य स्वास्थ्य सेवाओं जैसे बच्चे की उम्र अनुसार टीकाकरण सारणी का अनुपालन, 6 माह से 2 वर्ष की आयु हो उनके 6 माह के बाद बच्चे के ऊपरी आहार की शुरूआत एवं उसकी निरन्तरता का स्तर निर्धारित मानक अनुसार है या नहीं तथा परिवार द्वारा अपनाये जाने वाले स्वास्थ्य एवं पोषण व्यवहार अथवा शिक्षा के स्तर का भी आकलन किया जायेगा।

वर्तमान में प्रदेश के सभी जिलों में अति गंभीर कुपोषित बच्चों के समुदाय आधारित पोषण प्रबंधन कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत अति गंभीर कुपोषित बच्चों के चिन्हांकन एवं पंजीयन के बाद 12 सप्ताह अथवा 3 माह तक सतत प्रयास कर उन्हें सामान्य पोषण स्तर पर लाया जाता है। इस दौरान बच्चों के परिवार को परामर्श देकर उनके सहयोग से बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य स्थिति में सुधार का प्रयास किया जाता है।

उल्लेखनीय है कि 'पोषित परिवार-सुपोषित मध्यप्रदेश' में उन परिवारों का सम्मान किया जायेगा, जिनके प्रयासों से पंजीकृत अति गंभीर कुपोषित बच्चों के पोषण स्तर में बदलाव परिलक्षित हो रहा है।

पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव

मतदाताओं को जागरूक करने प्रचार-प्रसार के निर्देश

भोपाल, सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री डी.व्ही. सिंह ने सभी कलेक्टरों को निर्देशित किया है कि नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2020-21 के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रचार-प्रसार (SENSE) की गतिविधियां शुरू करें। प्रचार-प्रसार की गतिविधियों का कैलेण्डर सभी जिलों को भेज दिया गया है। इस संबंध में की गयी कार्यवाही की जानकारी राज्य निर्वाचन आयोग को भेजने के निर्देश भी दिये गये हैं।

श्री सिंह ने बताया है कि नवम्बर के अंतिम सप्ताह में नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों में ई.वी.एम. के संचालन की जानकारी दी जायेगी। स्थानीय निर्वाचन विषय पर वाद-विवाद एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता, वर्ष 2014 में कम वोटिंग वाले मतदान केंद्रों से संबंधित मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करना विकासखण्ड एवं निकाय स्तर पर युवा संवाद कार्यक्रम, नुक्कड़-नाटक, रैली आदि कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जायेगा।

निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के बाद ऑनलाइन नाम निर्देशन-पत्र भरने, मतदान के दौरान कोविड-19 संक्रमण से बचाव, मतदाताओं के लिए सुविधाओं की जानकारी, चुनाव मोबाइल एप एवं उसकी उपयोगिता के संबंध में मतदाताओं को जानकारी दी जायेगी।

महिला एवं युवा मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करना, गर्भवती महिला, वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांग मतदाताओं को सुगमता से मतदान किये जाने की प्रक्रिया बताना और आयोग द्वारा किये गए नवाचारों एवं नियम-निर्देशों में हुए संशोधनों से मतदाताओं एवं अभ्यर्थियों को अवगत कराया जायेगा।

निवेशकों का पूर्ण सहयोग करेगी प्रदेश सरकार

भोपाल, 'आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश' के रोडमैप को मूर्तरूप प्रदान करने में 'अधोसंरचना एवं रियल्टी क्षेत्र में अवसर' विषय पर कार्यशाला का आयोजन कॉन्फेडरेशन ऑफ इण्डियन इण्डस्ट्रीज (सीआईआई) द्वारा किया जायेगा। यह कार्यशाला लोक निर्माण, कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री श्री गोपाल भार्गव के मुख्य आतिथ्य में 14 दिसम्बर, 2020 को भोपाल में आयोजित की जायेगी। कार्यशाला की रूपरेखा पर मंत्री श्री गोपाल भार्गव ने सी.आई.आई. के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की।

श्री भार्गव ने कहा कि प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिये मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का रोडमैप तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अधोसंरचना विकास सहित अन्य सभी क्षेत्रों में प्रदेश और प्रदेश के बाहर से आने वाले निवेशक को राज्य सरकार सभी स्तर की सुविधाएं और सहयोग मुहैया करायेगी।

कॉन्फेडरेशन ऑफ इण्डियन इण्डस्ट्रीज के डिप्टी डायरेक्टर श्री सावन कुमार उपरेती ने बताया कि सी.आई.आई. द्वारा 14 दिसम्बर को यह कार्यशाला ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों प्रक्रियाओं से आयोजित की जायेगी। इसमें देश के विभिन्न शहरों और विविध क्षेत्रों के औद्योगिक संस्थाओं के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

प्रदेश में 32 लघु वनोपजों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित

भोपाल, राज्य शासन द्वारा 32 लघु वनोपजों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किए गए हैं। इनमें 18 लघु वनोपजों की प्रजातियों के समर्थन मूल्य पहली बार शामिल किए गये हैं। इसमें प्रमुख रूप से गिलोय, कालमेघ, गुडमार और जामुन बीज शामिल हैं।

वन मंत्री कुंवर विजय शाह ने बताया है कि इस वर्ष अप्रैल माह में 14 लघु वनोपजों के न्यूनतम मूल्य में वृद्धि भी की गई है। इसमें महुआ फूल, अचार गुल्ली, शहद, पलाश लाख एवं कुसुम लाख शामिल हैं। इस तरह प्रदेश में अब तक 32 लघु वनोपजों का न्यूनतम मूल्य निर्धारित किया जा चुका है। लघु वनोपजों के संग्रहण मूल्य निर्धारित होने से वनवासियों को इन वनोपजों के लिए बिचौलियों पर निर्भर नहीं होना पड़ेगा, इससे उनके आर्थिक हालात भी सुधरेंगे। राज्य सरकार द्वारा जिन 18 लघु वनोपजों का प्रथम बार समर्थन मूल्य प्रति किलोग्राम निर्धारित किया गया है, उनमें जामुन बीज 42 रुपये, आंवला गूदा 52, मार्किंग नट (भिलावा) 9 रुपये, अनन्त फूल 35, अमलतास बीज 13, अर्जुन छाल 21, गिलोय 40, कोंच बीज 21, कालमेघ 35 रुपये, बायविडंग बीज 94, धवई फूल 37, वन तुलसी पत्तियाँ 22, कुटज (सूखी छाल) 31, मकोय (सूखी छाल) 24, अपंग पौधा 28, इमली (बीज सहित) 36, शतावरी की सूखी जड़ 107 और गुडमार लघु वनोपज 41 रुपये प्रति किलोग्राम न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है।

आई.टी. क्षेत्र की परियोजनाओं के मूल्यांकन के लिये समिति पुनर्गठित

भोपाल, राज्य शासन ने सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की सभी परियोजनाओं के तकनीकी मूल्यांकन एवं 20 करोड़ रुपये तथा उससे अधिक के निवेश वाली सूचना प्रौद्योगिकी आधारित परियोजनाओं के प्रस्तावों के अनुमोदन, कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में परियोजनाओं के अनुश्रवण और मूल्यांकन के लिये साधिकार समिति का पुनर्गठन किया है। साधिकार समिति में मुख्य सचिव अध्यक्ष होंगे। समिति के सदस्यों में सामान्य प्रशासन, वित्त, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, विधि एवं विधायी कार्य विभाग के प्रमुख सचिव, लोक सेवा प्रबंधन विभाग के प्रमुख सचिव/सचिव, परियोजना से संबंधित विभाग के प्रमुख सचिव/सचिव, मैप आई.टी. के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और एनआईसी के राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी को शामिल किया गया है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)


मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित
ग्लोबल स्किल्स पार्क
सिटी कैंपस
एडवांस सर्टिफिकेट इन प्रिसिज़न इंजीनियरिंग
(एक वर्षीय सर्टिफिकेशन कोर्स)
प्रवेश प्रारंभ
जनवरी 2021
GLOBAL SKILLS PARK
ITE Education Services
संस्थान की प्रमुख विशेषताएँ
• अत्याधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर
• कोर्स एवं प्रशिक्षण के लिये ITE Education Services सिंगापुर के साथ संबद्धता
• 4 और 5 एक्सिस एडवांस्ड CNC मशीनें (DMG Mori, जर्मनी)
• सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग एवं इंडस्ट्री इंटर्नशिप
• राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्लेसमेंट फैसिलिटी
• 25 एडवांस्ड CNC मशीनें– CNC लेथ, CNC मीलिंग, CMM, EDM वायरकट मशीन
• प्रशिक्षण के लिये एक स्टूडेंट पर एक मशीन की सुविधा
पात्रता
• आईटीआई (टर्नर/फिटर/मशीनिस्ट/मशीनिस्ट ग्राइंडर/मेकेनिक मशीन टूल मेंटेनेंस)
• डिप्लोमा या B.E./ B.Tech. (मेकेनिकल/इंडस्ट्रियल/प्रोडक्शन)
आवेदन कैसे करें
• आवेदन हेतु : www.globalskillspark.mp.gov.in पर रजिस्ट्रेशन करें
• ऑनलाइन आवेदन की तिथि : 23 नवंबर से 12 दिसंबर 2020 तक निर्धारित है। (रजिस्ट्रेशन निःशुल्क)
• आरक्षण मध्यप्रदेश शासन के नियमानुसार
पंजीकरण/आवेदन की अंतिम तिथि
12 दिसंबर 2020
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे
श्रीमती वर्षा मिश्रा – +918269433474
ग्लोबल स्किल्स पार्क-सिटी कैंपस (GSP-CC), भोपाल
आई.टी.आई. कैंपस, गोविन्दपुरा, रायसेन रोड, भोपाल–462023, मध्यप्रदेश
फोन नं. : 0755–2925649, ई–मेल : admission.gsp@mp.gov.in
तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोज़गार विभाग, मध्यप्रदेश शासन
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
R-44692/D-11114/20

अरहम तलसानिया

सबसे युवा प्रोग्राम डेवलपर बने

महज 6 वर्ष की उम्र में प्रोग्रामिंग भाषा की परीक्षा में

1000 में से 900 अंक लाकर अरहम ओम तलसानिया दुनिया के सबसे कम उम्र के प्रोग्राम डेवलपर बन गए हैं। अरहम का नाम इस कामयाबी के चलते गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। अरहम ने पाकिस्तान मूल के 7 वर्षीय ब्रिटिश मोहम्मद हमजा का रिकॉर्ड तोड़ा है।

ईरान ने

अंडरग्राउंड बनाया मिसाइलों का ठिकाना

ईरान ने अंडरग्राउंड मिसाइल सुरंगों की तस्वीरें जब से

सोशल मीडिया पर जारी की हैं तब से एक बहस भी छिड़ गई है। दरअसल इजरायल और अमेरिका की नजरों से छिपाए रखने के लिए ईरान ने अपना मिसाइल बेस जमीन के अंदर बनाया था। तस्वीरों में वीटीआर - 50 टैंक को देखा जा सकता है। ईरान का वीटीआर - 50 टैंक पुराने मकरान टैंक का नया वर्जन है। इसमें फायर कंट्रोल सिस्टम के अलावा 30 एमएम कैलिबर की ऑटोमैटिक तोप और 7.62 कैलिबर की मशीनगन लगी है। यह रात के समय भी सीधा हमला कर सकता है। जारी तस्वीरों से ही दुनिया को पता लगा कि ईरान मिसाइलों के लिए अंडरग्राउंड सुरंगें तैयार कर रहा है।

वीणा नरवणे

आर्मी चीफ की पत्नी गोरखा सैनिकों के परिवारों से मिलीं

पिछले दिनों नेपाल के 4 दिवसीय दौरे पर गए भारतीय

सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की पत्नी वीणा नरवणे ने काठमांडू में नेपाली गोरखा सैनिकों के परिवारों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने गोरखा जवानों के दिए हुए तोहफों को उनकी पत्नियों को सौंपा। ये गोरखा जवान जनरल नरवणे के दिल्ली स्थित ऑफिस साउथ ब्लॉक में तैनात हैं। आर्मी चीफ की पत्नी वीणा नरवणे आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्ष भी हैं।

अमेरिका

स्टीमटाउन की सांता ट्रेन रद्द

अमेरिकी राज्य पेन्सिलवेनिया के हैरिटेज साइट

स्टीमटाउन से चलने वाली सांता ट्रेन इस साल रद्द कर दी गई है। यह ट्रेन स्टीमटाउन से शुरू होकर कई राज्यों से गुजरती है और लोगों को तोहफे बांटती हुई निकलती है। लेकिन इस साल कोरोना के कारण ट्रेन को रद्द करने का फैसला किया गया है।

क्रिस मिल्स

17.6 सेकेंड में हल किया रुबिक क्यूब पजल

ब्रिटेन के 18 वर्षीय छात्र क्रिस मिल्स ने महज 17.6

सेकेंड में रुबिक क्यूब पजल हल कर 22 लाख 40 हजार रुपये का इनाम जीत लिया। फाइनल में उन्होंने जर्मनी के रिकी मिलर को हराया। क्रिस इंजीनियरिंग के स्टूडेंट हैं। पिछले सप्ताहांत में हुए इवेंट रेड बुल रुबिक क्यूब वर्ल्ड कप में क्रिस ने यह उपलब्धि हासिल की थी। कोविड महामारी के कारण यह चैंपियनशिप पहली बार ऑनलाइन हुई थी।

विंगसूट

इंसान को हवा में उड़ाने वाली टेस्टिंग सफल रही

कार मेन्युफैक्चरर कंपनी बीएमडब्ल्यू ने इंसान को हवा

में उड़ाने वाला इलेक्ट्रिक विंगसूट तैयार कर लिया है। इसकी पहली टेस्टिंग में प्रोफेशनल विंगसूट पायलट पीटर सैल्समेन दो अन्य विंगसूट ऑपरेटर्स के साथ 9,800 फीट की ऊंचाई से हेलिकॉप्टर से नीचे कूदे। यह परीक्षण ऑस्ट्रिया के पहाड़ों के ऊपर किया गया। इसकी स्पीड 300 किलोमीटर प्रति घंटे से भी ज्यादा है। विंगसूट में फ्लाइंग के लिए दो कार्बन प्रोपेलर इम्पेलर्स लगाए गए हैं।

आंग सान सू की

म्यांमार संसदीय चुनाव में मिला बहुमत

म्यांमार में संसदीय चुनाव के नतीजे आ गए हैं। इसमें

आंग सान सू की की सत्तारूढ़ पार्टी नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी (एनएलडी) को बहुमत मिला है। एनएलडी को ऊपरी और निचले सदन में कुल 361 सीटें मिली हैं। सेना समर्थित यूएसडीपी ने चुनाव नतीजों का बहिष्कार किया है। इस जीत से आंग सान सू की और उनकी पार्टी की लोकप्रियता भी जाहिर हुई है।

रोबोट डिलीवरी वैन

यूनाइटेड किंगडम में शुरू हुई

यूनाइटेड किंगडम के शहरों में ड्राइवरलेस रोबोट

डिलीवरी वैन का प्रयोग सफलतापूर्वक शुरू हो गया है। सबसे पहले दवाइयों की डिलीवरी की गई। एआई की मदद से पैकेज मैनेजमेंट सिस्टम में कॉन्टेक्ट फ्री डिलीवरी की सुविधा है। एकेडमी ऑफ रोबोटिक्स ने इसे विकसित किया है। चार्जिंग के बाद यह वैन एक बार में 60 मील तक की दूरी तय कर सकती है।

डाइलन ग्रोएनेवेगेन

साइकिलिस्ट पर लगा प्रतिबंध

प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी को गंभीर तरीके से टक्कर मारने के

आरोप में साइकिलिस्ट डाइलन ग्रोएनेवेगेन को नौ महीने के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया। नीदरलैंड के इस साइकिलिस्ट ने टूर डि पोलैंड रेस के अंतिम क्षणों में फाबियो जैकबसन को टक्कर मार दी थी। जैकबसन इसके बाद बैरियर से टकरा गए जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं और वह कोमा में चले गए।

दुकमित लेपचा

सबसे बुजुर्ग महिला पैराग्लाइडर बनीं

सिक्किम की 82 वर्षीय दुकमित लेपचा सबसे अधिक

आयु की बुजुर्ग महिला पैराग्लाइडर बन गयी हैं। उन्होंने पिछले माह आंगी मोनेस्ट्री के पास पैराग्लाइडिंग प्वाइंट से यह रिकॉर्ड अपने नाम किया था। दुकमित ने इस दौरान करीब 6 मिनट तक 4500 फीट की ऊंचाई पर उड़ान भरी। साल 2016 में उन्होंने अंडमान के तट पर स्कूबा डाइविंग भी की थी। उनकी अगली योजना साइकिलिंग कर रिकॉर्ड बनाना है।

इस्किटिमका नदी

रूस की नदी खून सी लाल हुई

रूस के औद्योगिक शहर केमरोवो की इस्किटिमका नदी

खून की तरह लाल हो गई है। इससे स्थानीय निवासी भयभीत हो रहे हैं। पर्यावरण विशेषज्ञ इस रंग परिवर्तन के लिए अज्ञात केमिकल को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। डेली मेल के अनुसार इस्किटिमका नदी रूस की उन नदियों में से एक है जो किसी अनजाने कारण से धीरे-धीरे जहरीली हो रही है। ज्ञात रहे कि इससे पहले ग्वोज्दन्या नदी और पश्चिमी रूस के नैरो फोमिंस्क में भी एक नदी अचानक लाल रंग की हो गई थी। उस समय इसका कारण 'अपशिष्ट जल' को बताया गया था।

विदिशा मैत्रा

संयुक्त राष्ट्र की सलाहकार समिति में शामिल हुईं

भारतीय राजनयिक विदिशा मैत्रा को संयुक्त राष्ट्र

की प्रशासनिक एवं बजट संबंधी सलाहकार समिति का सदस्य नामित किया गया है। यह महासभा का एक अंग है। एशिया प्रशांत राष्ट्र समूह में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन की प्रथम सचिव मैत्रा ने 126 वोट हासिल किए हैं।

शंघाई में

चाइना इंटरनेशनल इंपोर्ट एक्सपो आयोजित

पिछले दिनों शंघाई में हुए चाइना इंटरनेशनल इंपोर्ट

एक्सपो की ओपनिंग सेरेमनी के दौरान युयुआन गार्डन को लालटेन जलाकर सजाया गया। इसे लालटेन महोत्सव के रूप में भी जाना जाता है। पूरे गार्डन के प्रत्येक हिस्से पर जली हुई लालटेन होना जरूरी होता है। हालांकि इस बार आयोजकों ने कोरोना संक्रमण के कारण आगंतुकों की संख्या सीमित कर रखी थी।

पोसायडन-8 आई

नौसेना को मिला निगरानी विमान

अमेरिका के साथ हुये 1.1 अरब अमेरिकी डॉलर के

रक्षा समझौते के तहत भारतीय नौसेना को मिलने वाले चार पोसायडन-8 आई सामुद्रिक निगरानी एवं पनडुब्बी रोधी युद्धक विमान में से पहला विमान प्राप्त हुआ है। विमान अत्याधुनिक सेंसरों से लैस है और यह गोवा स्थित महत्वपूर्ण नेवल बेस आईएनएस हंस पर उतरा है। भारतीय नौसेना के पास पहले से ही आठ पी-8 आई विमान हैं जिन्हें हिंद महासागर में चीन के पोतों और पनडुब्बी पर निगरानी रखने के लिये तैनात किया है।

क्रिस्टोफर क्रेब्स

चुनाव सुरक्षित बताने वाले अधिकारी को ट्रंप ने बर्खास्त किया

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 'साइबर

सिक्योरिटी एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर सिक्योरिटी एजेंसी' (सीआईएसए) के निदेशक क्रिस्टोफर क्रेब्स को बर्खास्त कर दिया है। क्रिस्टोफर ने पिछले हफ्ते यह कहा था कि 3 नवंबर को हुये राष्ट्रपति पद का चुनाव अमेरिका के इतिहास में सबसे सुरक्षित चुनाव है। गौरतलब है कि ट्रंप ने इन चुनावों में धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुये कई मुकदमे दर्ज करवाये हैं।

लखनऊ यूनिवर्सिटी

सौ साल पूरे, सिक्का जारी होगा

लखनऊ यूनिवर्सिटी के सौ साल पूरे होने के मौके पर

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी विशेष सिक्का जारी करेंगे। वे वर्चुअल रूप से यूनिवर्सिटी स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुंबई में सरकारी टकसाल में सिक्कों पर हिंदी में लखनऊ विश्वविद्यालय शताब्दी समारोह लिखा जायेगा।

स्मृति शेष

बास्केटबॉल खिलाड़ी टॉमी हेनशॉ का निधन

नेशनल बास्केटबॉल एसोसिएशन (एनबीए) में

बोस्टन सेल्टिक टीम के दिग्गज खिलाड़ी तथा कोच रहे टॉमी हेनशॉ का 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। हॉल ऑफ फेम में शामिल हेनशॉ लगभग 60 वर्षों तक एनबीए से जुड़े रहे। वह बतौर खिलाड़ी और कोच 17 वर्ष तक बोस्टन सेल्टिक के साथ जुड़े रहे।

जाने-माने वायलिन वादक टीएन कृष्णन का निधन

वायलिन वादक और पद्म पुरस्कार से

सम्मानित टीएन कृष्णन का 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। केरल के त्रिपुनियुरा में 1928 में जन्में कृष्णन का पिछले सप्ताह चेन्नई में निधन हो गया।

पाँच दशक तक प्रधानमंत्री रहे बहरीन के शेख का निधन

विश्व में सबसे लंबी अवधि तक (लगभग पाँच

दशक) तक किसी देश के प्रधानमंत्री होने का रिकॉर्ड बनाने वाले बहरीन के 84 वर्षीय शेख खलीफा बिन सलमान अल खलीफा का निधन हो गया। बहरीन में 1970 से वे प्रधानमंत्री रहे थे।

फुटबॉल टीम के पूर्व डिफेंडर सत्यजीत घोष का निधन

भारत और मोहन बागान फुटबॉल टीम के पूर्व

डिफेंडर सत्यजीत घोष का 62 वर्ष की उम्र में कोलकाता में निधन हो गया। उन्होंने 1985 में नेहरू कप में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। बाद में वे 1987 में मोहम्मदन स्पोर्टिंग से जुड़ गए थे। 1993 में उन्होंने संन्यास ले लिया था।

प्रसिद्ध चित्रकार शिव पाणिग्रही का निधन

ओडिशा के ललित कला अकादमी के पूर्व

अध्यक्ष और प्रसिद्ध चित्रकार शिव पाणिग्रही का 78 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने कला जगत में महत्वपूर्ण योगदान दिया और कई सम्मानों से विभूषित थे।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

धैर्य-शांति से यह स्वीकारना है कि हमारे काम उन तरीकों से भी पूरे हो सकते हैं, जो सोचे नहीं थे - डेविड जेएलेन

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ./स) संभाग बैतूल (म.प्र.)

निविदा सूचना क्रमांक 05-डी.एल./2020-21 बैतूल, दिनांक 10.11.2020

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

स. क.	टेण्डर नम्बर	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्रमांक	कार्य की अनु. राशि (लाख में)	अमानत राशि	समयावधि	भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज)
1.	2020_PWDRB_113796_1	बैतूल	सड़क कार्य	कोलगाँव सेलगाँव मार्ग के कि.मी. 6 से 8/5 में वी.टी. रिनिवल।	प्रथम आमंत्रण	18.77	36,400/-	05 माह (वर्षाकाल रहित)	कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. (भ./स.) संभाग बैतूल (म.प्र.)
2.	2020_PWDRB_113806_1	बैतूल	सड़क कार्य	जोडक्या भरकावाड़ी मार्ग के कि.मी. 3 से 4/4 में वी.टी. रिनिवल कार्य।	प्रथम आमंत्रण	11.95	24,000/-	04 माह (वर्षाकाल रहित)	कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. (भ./स.) संभाग बैतूल (म.प्र.)
3.	2020_PWDRB_113808_1	बैतूल	सड़क कार्य	बासपानी पहुँच मार्ग के कि.मी. 1 से 2/2-4 में वी.टी. रिनिवल।	प्रथम आमंत्रण	10.09	20,200/-	04 माह (वर्षाकाल रहित)	कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. (भ./स.) संभाग बैतूल (म.प्र.)
4.	2020_PWDRB_113810_1	बैतूल	सड़क कार्य	बड़गाँव कोटमी मार्ग के कि.मी. 1/2 से 3/1 में वी.टी. रिनिवल।	प्रथम आमंत्रण	16.75	33,500/-	05 माह (वर्षाकाल रहित)	कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. (भ./स.) संभाग बैतूल (म.प्र.)
5.	2020_PWDRB_113812_1	बैतूल	सड़क कार्य	भैंसदेही दगदरा मार्ग के कि.मी. 1/2 से 3/4 में वी.टी. रिनिवल।	प्रथम आमंत्रण	19.19	38,400/-	05 माह (वर्षाकाल रहित)	कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. (भ./स.) संभाग बैतूल (म.प्र.)
6.	2020_PWDRB_113823_1	बैतूल	सड़क कार्य	काजली से कुण्डबकाजन मार्ग के कि.मी. 1 में वी.टी. रिनिवल।	प्रथम आमंत्रण	7.02	14,100/-	03 माह (वर्षाकाल रहित)	कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. (भ./स.) संभाग बैतूल (म.प्र.)
7.	2020_PWDRB_113828_1	बैतूल	सड़क कार्य	आमला बस्ती मार्ग में वी.टी. रिनिवल।	प्रथम आमंत्रण	3.50	7,000/-	02 माह (वर्षाकाल रहित)	कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. (भ./स.) संभाग बैतूल (म.प्र.)
8.	2020_PWDRB_113832_1	बैतूल	सड़क कार्य	जौलखेड़ा आमला मार्ग में बी.टी. रिनिवल।	प्रथम आमंत्रण	5.19	10,400/-	03 माह (वर्षाकाल रहित)	कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. (भ./स.) संभाग बैतूल (म.प्र.)
9.	2020_PWDRB_113833_1	बैतूल	सड़क कार्य	औद्योगिक क्षेत्र कोसमी बैतूल में सीमेन्ट कांक्रीट मार्ग तथा आर.सी.सी. नाली का निर्माण (जोखिम एवं व्यय पर)	प्रथम आमंत्रण	103.96	1,04,000/-	12 माह (वर्षाकाल सहित)	कार्यालय मुख्य अभियंता (राजधानी परिक्षेत्र) लोक निर्माण विभाग, भोपाल (म.प्र.)
10.	2020_PWDRB_113844_1	बैतूल	सड़क कार्य	बैतूल बाजार हथनोरा परसोडी मार्ग के कि.मी. 1 से 6 में बी.टी. रिनिवल कार्य।	प्रथम आमंत्रण	45.80	50,000/-	03 माह (वर्षाकाल रहित)	कार्यालय मुख्य अभियंता (राजधानी परिक्षेत्र) लोक निर्माण विभाग, भोपाल (म.प्र.)
11.	2020_PWDRB_113845_1	बैतूल	सड़क कार्य	बांसपुर से शांतिपुर मार्ग के कि.मी. 1 से 5 में बी.टी. रिनिवल कार्य।	प्रथम आमंत्रण	36.05	50,000/-	03 माह (वर्षाकाल रहित)	कार्यालय मुख्य अभियंता (राजधानी परिक्षेत्र) लोक निर्माण विभाग, भोपाल (म.प्र.)
12.	2020_PWDRB_113846_1	बैतूल	सड़क कार्य	जिला बैतूल से जिला हरदा मार्ग (भाडवा से गोहती) के कि.मी. 1 से 3 (800 मी.) में बी.टी. रिनिवल कार्य।	प्रथम आमंत्रण	20.18	45,500/-	02 माह (वर्षाकाल रहित)	कार्यालय मुख्य अभियंता (राजधानी परिक्षेत्र) लोक निर्माण विभाग, भोपाल (म.प्र.)

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अन्तिम दिनांक 27.11.2020 सायं 17.30 बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।
मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज दिनांक 02.12.2020 सायं 5.30 बजे तक स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही स्वीकार किये जावेंगे। किसी भी परिस्थिति में मेन्युअल लिफाफे स्वीकार नहीं किये जावेंगे। डाक देरी से प्राप्त होने पर विभाग जिम्मेदार नहीं होगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-15582/44682/2020 लोक निर्माण विभाग (भ./स.) संभाग बैतूल (म.प्र.)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड- गुना

क्रमांक 3854/व.ले.लि./2020-21/का.यं./लो.स्वा.यां.वि./ गुना, दिनांक 12.11.2020

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 29/व.ले.लि./2020-21

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in/nicgep/app.** पर गुना जिले के विभिन्न विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत आर.सी.सी. ओवर हेड टैंक, पाइप लाइन, घरेलु नल कनेक्शन एवं विद्युत संयोजन कार्य हेतु निविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित हैं :

स. क.	निविदा क्रमांक/ दिनांक	सिस्टम क्रमांक	विकास-खण्ड	ग्राम	निविदा की कुल लागत रु. (लाख में)	धरोहर राशि (EMD) निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ठेकेदार की श्रेणी
1.	29/ 12.11.2020	2020_PHED_114160_1	आरोन	4	203.60	रु. 15000/-	6 माह वर्षाकाल छोड़कर सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
2.	29/ 12.11.2020	2020_PHED_114234_1	बमौरी	6	236.10	रु. 15000/-	6 माह वर्षाकाल छोड़कर सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
3.	29/ 12.11.2020	2020_PHED_114246_1	राघौगढ़	1	232.00	रु. 15000/-	6 माह वर्षाकाल छोड़कर सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
4.	29/ 12.11.2020	2020_PHED_114265_1	राघौगढ़	2	233.29	रु. 15000/-	6 माह वर्षाकाल छोड़कर सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
5.	29/ 12.11.2020	2020_PHED_114277_1	राघौगढ़	6	288.43	रु. 15000/-	6 माह वर्षाकाल छोड़कर सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की **अंतिम तिथि : 01.12.2020, 17.30 बजे**
ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि : 01.12.2020, 17.30 बजे
ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि : 03.12.2020, 11.00 बजे
निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर (Online System) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाइट पर देखें।

सदस्य, सचिव जिला जल एवं स्वच्छता मिशन तथा
जी-15663/44700/2020 कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड-गुना, जिला गुना

स्कूल शिक्षा विभाग
राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (म.प्र.)
राज्य शिक्षा केन्द्र

पुस्तक भवन बी, विंग अरेरा हिल्स, भोपाल - 462011
दूरभाष - (0755) - 2768390, 91, 92, 94, 95, फैक्स - 2552363, 2760561

क्रमांक/राशिके/NTSE-NMMS/2020/1657 भोपाल, दिनांक 12.11.2020

राष्ट्रीय प्रतिभा खोज प्रथम चयन परीक्षा के आवेदन हेतु अंतिम तिथि 23.11.2020 तिथि संशोधन

राष्ट्रीय प्रतिभा खोज प्रथम चयन परीक्षा संबंधी पूर्व विज्ञापन क्रमांक/राशिके/NTSE-NMMS/2020/1555, भोपाल, दिनांक 15.10.2020 (जी-15013/20) में उल्लेखित "आवेदन-पत्र भरने हेतु **अंतिम तिथि 13 नवम्बर, 2020" से आगे बढ़ाकर "23 नवम्बर, 2020 की गई है।"** उक्त परीक्षा के संबंध में राष्ट्रीय प्रतिभा खोज प्रथम चयन **परीक्षा की तिथि 13.12.2020** रहेगी। शेष अन्य जानकारियां पूर्ववत रहेंगी।

जी-15621/44691/2020 अपर संचालक, राज्य शिक्षा केन्द्र

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (वि./यां) संभाग क्र.- 02
13-ए शेड बारह दफ्तर जवाहर चौक, भोपाल (म.प्र.)
निविदा सूचना

एन.आई.टी. क्रमांक 21 से 26/व.ले.लि./2020-21 भोपाल, दिनांक : 17.11.2020
निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र. एवं कार्य का नाम : 1. वार्षिक विद्युत मरम्मत कार्य शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवन अंतर्गत उपसंभाग विदिशा जिला, विदिशा।

पोर्टल टेंडर क्र.	एन.आई.टी. क्र.	आमंत्रण क्र.	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)	धरोहर राशि	निविदा राशि
11. इनमें से किस महिला खिलाड़ी ने वूमेन विग बैश लीग में 100 छक्के लगाने की उपलब्धि हासिल की है।
(अ) सारा टेलर
(ब) सोफी डिवाइन
(स) डियांड्रा डॉटिन
(द) मेरिजेन केप

12. इनमें से किस खिलाड़ी को राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार नहीं मिला है।
(अ) धनराज पिल्लई
(ब) के.एम. बीनामोल
(स) पी.टी. ऊषा
(द) पंकज आडवाणी

13. मानवजीत सिंह संधु ने निशानेबाजी की किस स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व किया है।
(अ) ट्रैप
(ब) स्कीट
(स) राइफल प्रोन
(द) उपरोक्त सभी

14. अर्जेंटीना ने पहली बार फीफा वर्ल्डकप का खिताब किस वर्ष जीता था।
(अ) वर्ष 1974 (ब) वर्ष 1978
(स) वर्ष 1982 (द) वर्ष 1990

15. अमेरिका के बॉक्सर फ्लायड मेवेदर ने अपने कैरियर में कितनी प्रोफेशनल फाइट जीती हैं।
(अ) 50 (ब) 48
(स) 56 (द) 44

16. केस्टर सेमेन्या एथेलेटिक्स में किस देश का प्रतिनिधित्व करती हैं।
(अ) इथोपिया (ब) केन्या
(स) घाना (द) दक्षिण अफ्रीका

17. वर्ष 1992 में ओलिंपिक खेल किस यूरोपीय शहर में आयोजित किए गए थे।
(अ) एंटवर्प (ब) मेड्रिड
(स) बार्सिलोना (द) विएना

18. टी-20 वर्ल्डकप के इतिहास में पहला शतक बनाने का रिकॉर्ड किस खिलाड़ी के नाम दर्ज है।
(अ) हर्शल गिब्स
(ब) ए.बी. डिविलियर्स
(स) सुरेश रैना
(द) क्रिस गेल

19. वर्ष 2014 में यूएस ओपन में पुरुष वर्ग के चैम्पियन बने थे।
(अ) मारिन सिलिच
(ब) एलेक्जेंडर ज्वेरेव
(स) रोजर फेडरर
(द) स्टान वावरिंका

20. श्रीलंका के क्रिकेटर सनथ जयसूर्या ने वन-डे क्रिकेट में कितने शतक बनाए हैं।
(अ) 24 (ब) 26
(स) 27 (द) 28

21. वर्ष 2019 में ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन टूर्नामेंट में महिला एकल वर्ग की चैम्पियन बनी थीं।
(अ) नाओमी ओकुहारा
(ब) चेन यूफेई
(स) ताई जू यिंग
(द) इनमें से कोई नहीं

22. इनमें से किस भारतीय क्रिकेटर को लॉरियस स्पोर्टिंग मोमेंट सम्मान मिल चुका है।
(अ) सचिन तेंदुलकर
(ब) राहुल द्रविड़
(स) महेन्द्र सिंह धोनी
(द) सौरव गांगुली

23. इनमें से कौन सा खेल पुरस्कार मध्यप्रदेश सरकार द्वारा दिया जाता है।
(अ) अर्जुन पुरस्कार
(ब) लक्ष्मण पुरस्कार
(स) विक्रम पुरस्कार
(द) इनमें से कोई नहीं

24. होलकर क्रिकेट स्टेडियम किस शहर में स्थित है।
(अ) नागपुर (ब) इंदौर
(स) पुणे (द) ग्वालियर

25. चीन की पूर्व ओलिंपिक चैम्पियन ली जूरुई किस खेल से संबंधित हैं।
(अ) टेबल टेनिस (ब) टेनिस
(स) निशानेबाजी (द) बैडमिंटन

उत्तर

1. (स), 2. (ब), 3. (अ), 4. (अ), 5. (स), 6. (ब), 7. (अ), 8. (द), 9. (स),10. (द), 11. (ब), 12. (स), 13. (अ), 14. (ब), 15. (अ), 16. (द), 17. (स), 18. (द), 19. (अ), 20. (द), 21. (ब), 22. (अ), 23. (स), 24. (ब), 25. (द)

- पुष्पेन्द्र कुमार सविता
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

सामान्य हिन्दी

1. 'व्यक्तित्व' शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग हुआ है?
(क) व्यक्ति (ख) त्व
(ग) व (घ) तित्व
उत्तर :- (ख) त्व

2. 'चिकित्सक' में किस प्रत्यय का प्रयोग हुआ है?
(क) सक (ख) क
(ग) अक (घ) त्सक
उत्तर :- (ग) अक

3. 'समर्पित' शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग हुआ है?
(क) अर्पित (ख) र्पित
(ग) त (घ) पित
उत्तर :- (घ) पित

4. कौन-सा शब्द प्रसून का पर्यायवाची नहीं है?
(क) पादप (ख) कुसुम
(ग) सुमन (घ) पुष्प
उत्तर :- (क) पादप

5. 'अंबुधि' शब्द का समानार्थी शब्द है?
(क) सरिता (ख) तड़ाग
(ग) सागर (घ) जलद
उत्तर :- (ग) सागर

6. 'नीर' शब्द का कौन-सा शब्द पर्यायवाची नहीं है?
(क) वारि (ख) जल
(ग) पानी (घ) नदी
उत्तर :- (घ) नदी

7. कौन-सा शब्द 'शशि' का पर्यायवाची नहीं है?
(क) सोम (ख) निशाकर
(ग) चन्द्रमा (घ) दिवाकर
उत्तर :- (घ) दिवाकर

8. 'शुभेच्छा' शब्द का संधि विच्छेद है?
(क) शुभ+इच्छा (ख) शुभा+इच्छा
(ग) शु+भेच्छा (घ) शुभे+च्छा
उत्तर :- (क) शुभ+इच्छा

9. 'खिंचाव' शब्द में किसमें मूल शब्द और प्रत्यय का सही योग है?
(क) खिं + चाव (ख) खिंच + आव
(ग) खिंच + व (घ) खिंचा + व
उत्तर :- (ख) खिंच + आव

10. 'प्रत्यक्ष' शब्द में किस उपसर्ग का प्रयोग है?
(क) प्र (ख) प्रत्
(ग) प्रति (घ) प्रत्य
उत्तर :- (ग) प्रति

11. 'संतोष' शब्द में उपसर्ग + मूलशब्द का कौन-सा रूप सही है?
(क) सम्+तोष (ख) सन्+तोष
(ग) सं+तोष (घ) संत+ओष
उत्तर :- (क) सम्+तोष

12. समास के कितने भेद होते हैं?
(क) 4 (ख) 5
(ग) 6 (घ) 7
उत्तर :- (ग) 6

13. 'चौराहा' शब्द में कौन-सा समास है?
(क) द्विगु समास
(ख) बहुव्रीहि समास
(ग) द्वंद्व समास
(घ) कर्मधारय समास
उत्तर :- (क) द्विगु समास

14. निम्नलिखित विग्रह का कौन-सा समस्त पद बनेगा?
विद्या रूपी धन
(क) धन विद्या
(ख) विद्या धन
(ग) धन ही विद्या
(घ) विद्या ही धन
उत्तर :- (ख) विद्या धन

15. निम्नलिखित समस्त पद का कौन-सा विग्रह सही है?
पीतांबर
(क) पीत + अंबर
(ख) पीला अंबर है
(ग) पीला है जो अंबर
(घ) पीले वस्त्र हैं जिसके अर्थात् श्रीकृष्ण
उत्तर :- (घ) पीले वस्त्र हैं जिसके अर्थात् श्रीकृष्ण।

16. 'गजानन' शब्द में कौन-सा समास है?
(क) कर्मधारय समास
(ख) अव्ययी भाव समास
(ग) बहुव्रीहि समास
(घ) द्वंद्व समास
उत्तर :- (ग) बहुव्रीहि समास

17. 'यथामति' का सही विग्रह होगा?
(क) यथा है जो मति
(ख) मति के अनुसार
(ग) यथा और मति
(घ) मति की यथा
उत्तर :- (ख) मति के अनुसार

18. 'शरणागत' शब्द का सही विग्रह क्या है?
(क) शरण में आगत
(ख) शरण में गत
(ग) शरण में गया
(घ) शरण में पड़ा
उत्तर :- (क) शरण में आगत

19. 'पुरुषोत्तम' समास का विग्रह होगा?
(क) पुरुष उत्तम
(ख) मर्यादा पुरुष
(ग) उत्तम पुरुष
(घ) पुरुषों में उत्तम है जो
उत्तर :- (घ) पुरुषों में उत्तम है जो

20. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द जाति वाचक संज्ञा है?
(क) नगर (ख) रामायण
(ग) दिल्ली (घ) नीलम
उत्तर :- (क) नगर

21. निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-से विकल्प में सभी शब्द व्यक्ति वाचक संज्ञाएं नहीं हैं?
(क) आगरा, नागपुर
(ख) हिमालय, कंचनजंघा
(ग) नर्मदा, कावेरी
(घ) पुस्तक, कामायनी
उत्तर :- (घ) पुस्तक, कामायनी

22. किस वर्ग की सभी संज्ञाएं भाववाचक संज्ञा नहीं हैं?
(क) वार्धक्य, ईमानदारी
(ख) पुत्र, योग्य
(ग) ऊंचाई, कमजोरी
(घ) सुंदरता, भव्यता
उत्तर :- (ख) पुत्र, योग्य

23. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द व्यक्ति वाचक संज्ञा नहीं है?
(क) यमुना
(ख) हिमालय
(ग) रामचरित मानस
(घ) सागर
उत्तर :- (घ) सागर

24. 'पंडित' शब्द से भाव वाचक संज्ञा बनेगी?
(क) पंडिता (ख) पांडित्य
(ग) पंडिताइन (घ) पंडा
उत्तर :- (ख) पांडित्य

नोट :- निम्नलिखित बोल्ड वाक्यों में सर्वनाम का भेद बताइए -

25. मैं फोन पर बात करूँगा?
(क) निश्चय वाचक सर्वनाम
(ख) अनिश्चय वाचक सर्वनाम
(ग) पुरुष वाचक सर्वनाम
(घ) प्रश्नवाचक सर्वनाम
उत्तर :- (ग) पुरुष वाचक सर्वनाम

26. हमारे हिंदी के अध्यापक वे हैं?
(क) निश्चय वाचक सर्वनाम
(ख) पुरुष वाचक सर्वनाम
(ग) प्रश्नवाचक सर्वनाम
(घ) अनिश्चय वाचक सर्वनाम
उत्तर :- (क) निश्चय वाचक सर्वनाम

27. मैं स्वयं सामान उठा लूँगा?
(क) निश्चय वाचक सर्वनाम
(ख) संबंध वाचक सर्वनाम
(ग) पुरुष वाचक सर्वनाम
(घ) निजवाचक सर्वनाम
उत्तर :- (घ) निजवाचक सर्वनाम

28. सार्वनामिक विशेषण किसे कहेंगे?
(क) जो सर्वनाम हो
(ख) जो सर्वनाम की विशेषता बताएं
(ग) जो सर्वनाम विशेषण का काम करे
(घ) दोनों का काम करे
उत्तर :- (ग) जो सर्वनाम विशेषण का काम करे।

29. मैं काम पर चला - बोल्ड सर्वनाम का नाम छांटिए?
(क) उत्तम पुरुष वाचक सर्वनाम
(ख) निज वाचक सर्वनाम
(ग) मध्यम पुरुष वाचक सर्वनाम
(घ) संकेत वाचक सर्वनाम
उत्तर :- (क) उत्तम पुरुष वाचक सर्वनाम

30. 'लालिमा' शब्द व्याकरण में क्या है?
(क) संज्ञा
(ख) सर्वनाम
(ग) विशेषण
(घ) भाववाचक संज्ञा
उत्तर :- (घ) भाववाचक संज्ञा

31. 'सप्ताह' शब्द से विशेषण बनेगा?
(क) सप्ता (ख) सप्ताबार
(ग) साप्ताहिक (घ) साप्ताही
उत्तर :- (ग) साप्ताहिक

32. 'दृढ़तम' विशेषण की कौन-सी अवस्था है?
(क) मूलावस्था (ख) उत्तरावस्था
(ग) उत्तमावस्था (घ) निम्नावस्था
उत्तर :- (ग) उत्तमावस्था

33. विशेष्य किसे कहा जाता है?
(क) जो शब्द विशेषता बताते हैं
(ख) जिस शब्द की विशेषता बताई जाती है
(ग) जो विशेषता बताई जाती है
(घ) जो विशेषण की विशेषता बताए
उत्तर :- (ख) जिस शब्द की विशेषता बताई जाती है।

34. विशेषण किसे कहते हैं?
(क) जो संज्ञा की विशेषता बताए
(ख) जो सर्वनाम की विशेषता बताए
(ग) जो पद, संज्ञा और सर्वनाम की विशेषता बताए
(घ) जो क्रिया की विशेषता बताए
उत्तर :- (ग) जो पद, संज्ञा और सर्वनाम की विशेषता बताए।

35. 'ईमानदारी' शब्द से विशेषण बनेगा?
(क) ईमान (ख) ईमानदार
(ग) ईमानी (घ) ईमानवाला
उत्तर :- (ख) ईमानदार

36. विशेषण के कितने प्रकार हैं?
(क) एक (ख) दो
(ग) तीन (घ) चार
उत्तर :- (घ) चार

37. 'भूगोल' शब्द से विशेषण बनेगा?
(क) भूगोलिक (ख) भौगोलिक
(ग) भूगोली (घ) भौगोली
उत्तर :- (ख) भौगोलिक

38. कौन-सा शब्द 'दिन' का पर्यायवाची नहीं है?
(क) दशन (ख) दिवस
(ग) वासर (घ) वार
उत्तर :- (क) दशन

39. किस वर्ग के सभी शब्द पर्यायवाची नहीं हैं?
(क) पुष्प, सुमन, कुसुम
(ख) वृक्ष, पादप, पेड़
(ग) राजा, प्रजा, नर
(घ) सूर्य, रवि, भास्कर
उत्तर :- (ग) राजा, प्रजा, नर

40. 'अचल' शब्द के लिए कौन-सा शब्द पर्यायवाची है?
(क) पर्वत (ख) अजित
(ग) पावक (घ) अमिय
उत्तर :- (क) पर्वत

41. कौन-सा शब्द 'आकाश' का पर्यायवाची नहीं है?
(क) गगन (ख) व्योम
(ग) अंबर (घ) सिंधु
उत्तर :- (घ) सिंधु

42. 'नदी' शब्द के लिए कौन-सा शब्द पर्यायवाची है?
(क) सरिता (ख) अमर
(ग) गोरस (घ) रेतीली
उत्तर :- (क) सरिता

43. 'अतिवृष्टि' का विलोम शब्द होगा?
(क) उन्नति (ख) अनावृष्टि
(ग) शुष्क (घ) स्वीकृति
उत्तर :- (ख) अनावृष्टि

44. 'सगुण' का विलोमार्थी है?
(क) अवगुण (ख) निर्गुण
(ग) भवगुण (घ) जमुण
उत्तर :- (ख) निर्गुण

45. वैकल्पिक का विलोम शब्द है?
(क) अनिवार्य (ख) स्वाभाविक
(ग) इच्छित (घ) यांगतर
उत्तर :- (क) अनिवार्य

46. 'फूँक-फूँक कर कदम रखना' मुहावरे का सही अर्थ है?
(क) किसी काम को पूरा करना
(ख) बड़ी सावधानी से काम करना
(ग) आगे कदम बढ़ाना
(घ) फूँकते चलना
उत्तर :- (ख) बड़ी सावधानी से काम करना।

47. 'बहुत अधिक गुस्सा हो जाने' के लिए कौन-सा मुहावरा उचित है?
(क) आग में घी डालना
(ख) आपे में रहना
(ग) आस्तीन का साँप
(घ) आग बबूला होना
उत्तर :- (घ) आग बबूला होना।

रिक्त स्थान में सही मुहावरे चुनकर लिखिए?

48. राखी आजकल सारे परिवार के गले.....बनी हुई है
(क) गले का फूल
(ख) गले मिलना
(ग) गले का कांटा
(घ) गले का हार
उत्तर :- (घ) गले का हार।

49. तुम मेरी.....चाहते हो। अतः चले जाओ?
(क) आँखों में धूल झोंकना
(ख) आँखों में झांकना
(ग) आँखों में आँखें डालना
(घ) आँखें मिलाना
उत्तर :- (क) आँखों में धूल झोंकना।

50. 'किसी काम के लिए पूरी तरह तैयार होना' अर्थ को व्यक्त करने के लिए किस मुहावरे का प्रयोग ठीक रहेगा?
(क) डर जाना
(ख) गले मढ़ना
(ग) कमर कसना
(घ) कमर बांधना
उत्तर :- (ग) कमर कसना।

- डॉ. राम मनोहर उपाध्याय

(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) के जनसंचार विभाग में अतिथि शिक्षक हैं)

सड़क सुरक्षा प्रबंधन वर्चुअल कार्यशाला

ट्रैफिक नियमों का पालन सख्ती से सुनिश्चित किया जाये - एडीजी

भोपाल, ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाये। ओव्हर-लोडिंग, ओव्हर-स्पीडिंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही हो। ये बातें अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक पुलिस प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान श्री डी.सी. सागर ने पुलिस मुख्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा सड़क सुरक्षा प्रबंधन के लिये आयोजित राज्य-स्तरीय वर्चुअल कार्यशाला को संबोधित करते हुये कहीं।

श्री सागर ने कहा कि आमजन के जीवन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। एडीजी ने बीते दिनों शिवपुरी, सतना, बैतूल, कटनी एवं कुछ अन्य जिलों में हुई सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता जताई। उन्होंने नोडल अधिकारियों और जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समितियों के सदस्यों को उन परिवारों की पीड़ा को महसूस करने को कहा जिन्होंने सड़क दुर्घटनाओं में अपनों की जान गंवाई है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा से संबंधित नोडल एजेंसियां आपसी समन्वय बनायें। श्री सागर ने अपेक्षा की कि समस्त संबंधित एजेंसियाँ एकजुट होकर काम करें, ताकि दुर्घटनाओं की रोकथाम प्रभावी ढंग से की जा सके और असमय होने वाली मृत्यु से लोगों बचाया जा सके।

यातायात प्रभारी अपनी जिम्मेदारी निभाएं

श्री सागर ने जिलों के यातायात प्रभारियों को जिम्मेदारी का एहसास कराते हुए कहा कि यदि वे पूर्ण समर्पण से नियमानुसार कार्य करें, तो 80 प्रतिशत दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि ओव्हर-लोडिंग और ओव्हर-स्पीडिंग वाले वाहनों के साथ किसी भी प्रकार की रियायत नहीं बरती जाये। आवश्यक जांच-पड़ताल करें, नियमानुसार कार्यवाही करें और लोगों को जागरूक करें। श्री सागर ने कहा कि पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा से कार्य कर खाकी वर्दी का सम्मान बरकरार रखते हुए पुलिस के जन-सेवा के सूत्र वाक्य को सार्थक करें।

नोडल एजेंसियां मिशन मोड में समर्पित भाव से कार्य करें

श्री सागर ने सड़क सुरक्षा के लिये सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार गठित समिति की नोडल एजेंसियों- परिवहन, शिक्षा, लोक स्वास्थ्य, आबकारी एवं सड़क निर्माण से संबंधित विभागों से समर्पित भाव से कार्य करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि सभी नोडल एजेंसियों का कर्तव्य है कि वे लोगों के जीवन को बचाने में अपना शत-प्रतिशत योगदान दें। श्री सागर ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के कारणों को जानकर दुर्घटना से पहले ही रोकथाम के पर्याप्त उपाय सुनिश्चित करें। इससे दुर्घटनाओं में कमी लायी जाकर लोगों की जिंदगी बचाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि सभी एजेंसियां आवश्यक कार्य-योजना बनाकर कार्य किया जाना सुनिश्चित करें।

जिला समितियां क्रैश इन्वेस्टिगेशन करें

श्री सागर ने कहा है कि जिला-स्तरीय समितियों को सड़क दुर्घटना स्थलों पर जाकर तत्परतापूर्वक क्रैश इन्वेस्टिगेशन करना होगा। इससे दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। साथ ही रोकथाम के समुचित उपाय किये जाने में आवश्यक सहायता मिल सकेगी। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं के चिन्हांकित ब्लैक-स्पॉट्स को हटाने के लिये उठाये गये सुधारात्मक कदमों की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी कर भेजने के निर्देश दिये।

संविधान दिवस : 26 नवंबर

दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान भारत का है

इस वर्ष संविधान सभा द्वारा भारतीय संविधान को अंगीकार किए जाने की 71वीं वर्षगांठ मनाई जाएगी

- भारतीय संविधान के 22 भाग हैं और इन भागों में 395 अनुच्छेद दर्शाए गए हैं।
- हमारे संविधान में 12 अनुसूचियां हैं।

भारत का संविधान दुनिया के सर्वश्रेष्ठ संविधानों में से एक है। हमारे संविधान में कई देशों के संविधान की खूबियां शामिल की गई हैं। भारत का संविधान एक विलक्षण दस्तावेज है, जिसे हमारे संविधान निर्माताओं ने इतनी खूबी से संतुलित और जीवंत बनाया है कि यह आज भी हमारे लिये प्रासंगिक है। लगभग 70 वर्ष बाद भी आज हमारा संविधान अपने मूल्यों और आदर्शों पर पूरी तरह से खरा उतरा है। सही मायनों में देखा जाए तो हमारा संविधान विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का एक आधारभूत ग्रंथ है। यह हमारे देश की लोकतांत्रिक संरचना का सर्वोच्च कानून है, जो लगातार हम सभी का मार्गदर्शन करता रहता है। डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में संविधान सभा ने विभिन्न विचारधाराओं के संतुलन और समन्वय का अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया था और डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की अध्यक्षता में संविधान सभा की प्रारूप समिति ने कुल 141 बैठकों को अंजाम देते हुये ईमानदारी, साहस और परिश्रम से हमारे संविधान को मूर्त रूप प्रदान किया था। भारत का संविधान दुनिया का सबसे लंबा और विस्तृत संविधान है। इसके निर्माण में अमेरिका, ब्रिटेन, आयरलैंड, रूस आदि देशों के संविधान से प्रेरणा ली गई है।

संविधान सभा

कैबिनेट मिशन की सिफारिशों के अनुसार प्रांतीय असेंबलियों द्वारा प्रत्यक्ष चुनाव के माध्यम से संविधान सभा के सदस्यों का चयन किया गया था। इस सभा में कुल 299 सदस्य थे, जो 229 प्रांतों और 70 राज्यों का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। इन सदस्यों में 15 महिलाएं भी शामिल थीं। संविधान सभा के कुल 299 सदस्यों में से 284 ने संविधान की मूल प्रति में अपने हस्ताक्षर किये थे। संविधान सभा की पहली बैठक 9 दिसंबर 1946 को हुई थी और बैठकों का क्रम 24 जनवरी 1950 तक चलता रहा था। संविधान सभा के अध्यक्ष डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद थे, 29 अगस्त 1947 को संविधान सभा द्वारा डॉक्टर बी.आर. अंबेडकर की अध्यक्षता में संविधान का मसौदा तैयार करने के लिये एक मसौदा समिति का गठन किया गया था। लगभग तीन वर्ष (दो साल 11 महीने और 17 दिन) में संविधान सभा के सभी सदस्यों ने मिलकर संविधान का मसौदा तैयार किया था। इस दौरान 1946 से 1950 के बीच सभा के सदस्य 11 सत्रों के दौरान मिले थे। आजाद भारत के संविधान का प्रारूप तैयार करने का ऐतिहासिक कार्य कॉन्स्टीट्यूशनल हॉल में प्रारंभ किया गया था, जिसे अब संसद भवन के सेंट्रल हॉल के नाम से जाना जाता है। भारतीय संविधान 1949 को अंगीकार किया गया और 26 जनवरी 1950 से यह प्रभावी हुआ। इसी दिन से संविधान सभा का अस्तित्व समाप्त हो गया था। संविधान के मसौदे पर विचार करते हुये कुल 7635 प्रस्तावित संशोधनों में से 2473 संशोधनों का चर्चा करके निराकरण किया गया था। संविधान सभा द्वारा 22 जुलाई 1947 को राष्ट्रीय ध्वज तथा 24 जनवरी 1950 को राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत को अंगीकार किया गया था।

संविधान सभा की आठ प्रमुख समितियां

संविधान सभा द्वारा संविधान निर्माण के विभिन्न कार्यों को निपटाने के उद्देश्य से कुल 13 समितियों का गठन किया गया था। इनमें से आठ प्रमुख समितियां थीं और बाकी की गौण समितियां थीं।

- मसौदा समिति
- केन्द्रीय शक्ति समिति
- केन्द्रीय संविधान समिति
- प्रांतीय संविधान समिति
- मौलिक अधिकारों, अल्पसंख्यकों और जनजातीय तथा अपवर्जित क्षेत्रों पर समिति
- सलाहकार समिति
- प्रक्रिया नियम समिति
- संचालन समिति

डॉक्टर अंबेडकर की 125वीं जयंती वर्ष से हम मना रहे हैं संविधान दिवस

वर्ष 2015 में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के 125वें जयंती वर्ष के दौरान भारत सरकार ने 26 नवंबर के दिन को संविधान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था। तब से प्रति वर्ष 26 नवंबर के दिन को पूरा देश संविधान दिवस के तौर पर मनाता है। यह हमारे संविधान के प्रमुख शिल्पी डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। संविधान सभा में अपना अंतिम भाषण देते हुए डॉक्टर अंबेडकर ने 25 नवंबर 1949 के दिन कहा था कि संविधान की सफलता भारत की जनता और राजनीतिक दलों के आचरण पर निर्भर करेगी।

संविधान के किस भाग में क्या है?

1. संविधान के पहले भाग में संघ और उसका राज्य क्षेत्र बताया गया है। इसमें अनुच्छेद 1 से 4 तक का उल्लेख है।
2. दूसरे भाग में नागरिकता की बात कही गई है, इसमें अनुच्छेद 5 से 11 तक का जिक्र है।
3. तीसरे भाग में मूल अधिकारों का उल्लेख है, यहां आपको अनुच्छेद 12 से 35 तक का विवरण देखने को मिलेगा।
4. संविधान के चौथे भाग में राज्य की नीति के निदेशक तत्व हैं। इसमें 36 से 51 तक अनुच्छेद दर्शाए गए हैं। भाग IV (क) में मूल कर्तव्य (अनुच्छेद 51A) का जिक्र है।
5. पांचवें भाग में संघ के अंतर्गत कार्यपालिका (राष्ट्रपति-उपराष्ट्रपति), मंत्रिपरिषद, भारत का महान्यायवादी, सरकारी कार्य का संचालन, संसद, विधायी प्रक्रिया, वित्तीय विषयों के संबंध में प्रक्रिया, न्यायपालिका और भारत के नियंत्रक-महा लेखापरीक्षक जैसे विषयों का विवरण दिया गया है। यहां आपको अनुच्छेद 52 से 151 तक का उल्लेख देखने को मिलेगा।
6. भाग छह में राज्य, राज्यपाल, राज्य का विधान मंडल आदि के बारे में बताया गया है। इसमें अनुच्छेद 152 से 237 तक का जिक्र है।
7. सातवें भाग में पहली अनुसूची के भाग ख के राज्य (अनुच्छेद 238) का विवरण है।
8. आठवें भाग में संघ राज्य क्षेत्र का विवरण है। यहां अनुच्छेद 239 से 242 तक देखने को मिलते हैं।
9. संविधान के भाग-9 (क) में पंचायत और नगरपालिकाओं के बारे में बताया गया है। इसमें अनुच्छेद 243 से 243 (यछ) तक का जिक्र है। भाग 9 ख में सहकारी सोसाइटियां दर्शायी गई हैं। यहां अनुच्छेद 243 (यज) से 243 (यन) तक बताए गए हैं।
10. भारतीय संविधान के दसवें भाग में अनुसूचित और जनजाति क्षेत्र के बारे में बताया गया है। जिनका जिक्र अनुच्छेद 244 और 244 (क) में किया गया है।
11. ग्यारहवें भाग में संघ और राज्यों के संबंधों का उल्लेख अनुच्छेद 245 से 263 के बीच देखने को मिलता है।
12. संविधान के 12वें भाग में अनुच्छेद 264 से 300 (क) के बीच वित्त, संपत्ति, संविदाएं और वाद का विवरण प्रस्तुत किया गया है।
13. भाग-13 में भारत के राज्य क्षेत्र के भीतर व्यापार, वाणिज्य और समागम की बात कही गई है, जिसका विवरण अनुच्छेद 301 से 307 के बीच दिखता है।
14. भारतीय संविधान के भाग-14 और 14 (क) में संघ और राज्यों के अधीन सेवाओं तथा अभिकरण का उल्लेख किया गया है। इस भाग में अनुच्छेद 308 से 323 (ख) तक दिए गये हैं। लोक सेवा आयोग का जिक्र इसी भाग में है।
15. पंद्रहवें (15वें) भाग में निर्वाचन से संबंधी बात कही गई है, जिसे अनुच्छेद 324 से 329 (क) तक प्रदर्शित किया गया है।
16. संविधान के भाग-16 में कुछ वर्गों के संबंध में विशेष उपबंध बताए गए हैं, इनका विवरण अनुच्छेद 330 से 342 (क) तक किया गया है। यहां अनुसूचित जातियों, जनजातियों, आंग्ल भारतीय समुदाय जैसे वर्गों का जिक्र है।
17. भाग-17 में राजभाषा के बारे में अनुच्छेद 343 से 351 में बताया गया है।
18. भारतीय संविधान के भाग-18 में आपात उपबंध का विवरण अनुच्छेद 352 से 360 तक दिया गया है।
19. भाग-19 में प्रकीर्ण की बात अनुच्छेद 361 से 367 तक कही गई है।
20. भाग-20 में अनुच्छेद 368 के अंतर्गत संविधान का संशोधन करने की संसद की शक्ति और उसके लिए प्रक्रिया बताई गई।
21. संविधान के भाग-21 में अनुच्छेद 369 से 392 तक अस्थायी, परिवर्ती और विशेष प्रावधान बताए गए हैं।
22. भारतीय संविधा के अंतिम भाग यानी भाग-22 में संक्षिप्त नाम, प्रारंभ और निरसन का उल्लेख अनुच्छेद 393 से 395 के बीच किया गया है।

संविधान दिवस के अवसर पर सामूहिक रूप से पढ़ी जाती है संविधान की प्रस्तावना

भारत का संविधान
उद्देशिका

हम, भारत के लोग, भारत को एक **संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथ-निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य** बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को:

सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक **न्याय,**

विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की **स्वतंत्रता,**

प्रतिष्ठा और अवसर की **समता** प्राप्त कराने के लिए,

तथा उन **सब में** व्यक्ति की गरिमा और **राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित** करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए

दृढ़संकल्प होकर **अपनी इस संविधान सभा में** आज तारीख 26 नवंबर, 1949 ई. (मिति मार्गशीर्ष शुक्ला सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को **एतद्द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।**

स्वतंत्र भारत का आधुनिक ग्रंथ है संविधान : राष्ट्रपति

वर्ष 2018 में संविधान दिवस के मौके पर भारत के राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद ने अपने संबोधन में कहा था कि हमारा संविधान स्वतंत्र भारत का आधुनिक ग्रंथ है। इसका सर्वोच्च स्थान है, यह धाराओं, नियमों और उपनियमों का संग्रह मात्र नहीं है बल्कि यह हम भारतीयों के लिए प्रेरणादायी और सजीव दस्तावेज है। संविधान हमारे समाज के लिए यह एक आदर्श है। राष्ट्रपति ने यह भी कहा था कि संविधान में संभवतः सबसे महत्वपूर्ण शब्द है- न्याय। न्याय एक शब्द है, परंतु यह एक जटिल और स्वतंत्रता प्रदान करने वाली अभिव्यक्ति है। न्याय, हमारे संविधान और राष्ट्र निर्माण प्रक्रिया का साधन और साध्य है। न्याय को समाज के विकास, बदलती मान्यताएं, जीवनशैली और प्रौद्योगिकी के व्यापक संदर्भ में देखा जाना चाहिए।

अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने देश का संविधान अंगीकार किया था।
- 26 जनवरी 1950 को भारतीय संविधान लागू किया गया था।
- पहला संशोधन 1951 में संविधान (प्रथम संशोधन) अधिनियम, 1951 अधिनियम के लागू होने के बाद हुआ था। इस अधिनियम के प्रभावी होने की तिथि 18-06-1951 थी।
- संविधान 100वां संशोधन 20.08.2015 से प्रभावी हुआ है। इस अधिनियम का नाम संविधान सौवां संशोधन अधिनियम, 2015 अधिनियम है।
- 104वां संशोधन वर्ष 2019 में हुआ है, जिसे संविधान (एक सौ चार संशोधन) अधिनियम, 2019 के नाम से जाना जाता है। यह 25 जनवरी 2020 से प्रभावी हुआ है।
- भारत के संविधान की धारा 79 के अनुसार, केन्द्रीय संसद की परिषद में राष्ट्रपति तथा दो सदन हैं, जिन्हें राज्यों की परिषद (राज्यसभा) तथा लोगों का सदन (लोकसभा) के नाम से जाना जाता है।
- संविधान की धारा 74 (1) में यह व्यवस्था की गई है कि राष्ट्रपति की सहायता करने तथा उसे सलाह देने के लिए एक मंत्रिपरिषद होगी जिसका प्रमुख प्रधानमंत्री होगा, राष्ट्रपति सलाह के अनुसार अपने कार्यों का निष्पादन करेगा। इस प्रकार वास्तविक कार्यकारी शक्ति मंत्रिपरिषद में निहित है जिसका प्रमुख प्रधानमंत्री होता है।
- भारत में केन्द्रीय कार्यपालिका का सांविधानिक प्रमुख राष्ट्रपति होता है।
- संविधान सभा के अध्यक्ष डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद थे और प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉक्टर बी.आर. अंबेडकर थे।
- भारत के मूल संविधान का सुलेख (हिंदी संस्करण) नासिक के श्री वसन्त कृष्ण वैद्य द्वारा तैयार किया गया था। यह 500 पन्नों में लिखा गया था। इसका लेखन कार्य 1954 में पूरा हुआ था। श्री वसन्त कृष्ण वैद्य गवर्नमेंट कॉमर्स प्रेस के एक कर्मचारी थे।
- कैलिग्राफिक कला में पारंगत कलाकार श्री प्रेम बिहारी नारायण रायज़ादा ने स्वयं पूरे संविधान को लिखा था। इस काम में उन्हें 6 महीने लगे थे। इसके लिये उन्होंने किसी प्रकार से कोई पारिश्रमिक नहीं लिया था।
- भारतीय संविधान की मूल प्रति को अपने चित्रों से सजाने वाले चित्रकार नंदलाल बोस थे।
- लोकसभा सचिवालय ने वर्ष 1999 में भारत के संविधान की मूल सुलिखित प्रतिलिपि से 1200 ऑफसेट मुद्रित प्रतिलिपियां तैयार की हैं।

- **रश्मि रंजन**
(लेखिका समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

जब तक कोरोना की दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं।

भोपाल में आयोजित हो सकेंगी अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिताएं

भोपाल, प्रतिभावान और उभरते खिलाड़ियों को राज्य शासन द्वारा अनेक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रदेश के भोपाल स्थित मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी में अब जल्द ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर की शूटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित हो सकेंगी। यह बात खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने विशनखेड़ी स्थित मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी में निर्माणाधीन बालक-बालिका छात्रावास तथा 50 मीटर शूटिंग रेंज के विस्तार कार्यों के निरीक्षण के दौरान कही।

श्रीमती सिंधिया ने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी को सर्व-सुविधायुक्त बनाया गया है। अन्तर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं के मानदंडों के अनुसार रायफल शूटिंग के लिए 60 लेन होना अनिवार्य है। अभी अकादमी में 50 मीटर लेन स्थापित है। वर्तमान में 10 मीटर का विस्तार कार्य प्रगति पर है, जो मार्च-2021 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। श्रीमती सिंधिया ने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन से अधिमान्यता प्राप्त है। इसके विस्तार के बाद यहां पर शूटिंग के वर्ल्ड कप आयोजित किये जा सकेंगे।

श्रीमती सिंधिया ने अकादमी परिसर में निर्माणाधीन बालक-बालिका छात्रावास का भी निरीक्षण किया तथा अकादमी के प्रशिक्षकों से उनकी समस्याओं पर भी चर्चा की। शूटिंग एकेडमी परिसर के 12 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन छात्रावास में खिलाड़ियों की सुरक्षा का विशेष ध्यान दिया गया है। छात्रावास में 240 खिलाड़ियों, जिसमें 180 बालक और 60 बालिकाओं के रुकने की व्यवस्था होगी। प्रत्येक खिलाड़ी को रेडियो फ्रिक्वेंसी आइडेंटिफाइंग डीकोटर आईकार्ड के रूप में दिया जायेगा। इसका एक्सेस टी.टी. नगर स्थित संचालनालय से किया जायेगा। संबंधित अधिकारी को खिलाड़ियों की पूर्ण जानकारी उपलब्ध हो सकेगी। हॉस्टल में खिलाड़ियों मे एकाग्रता बढ़ाने के लिए मेडिटेशन रूम, डिजिटल लाइब्रेरी एन्टरटेनमेंट जोन, इण्डोर गेम्स, मिनी जिम, पर्सनल सेनेटाइजेशन एवं वॉश लॉज, डाइनिंग एरिया आदि की व्यवस्था भी रहेगी।

खेल चर्चा

फीफा ने अंडर-17 महिला विश्वकप किया रद्द

ज्यूरिख, अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) ने कोरोना महामारी के चलते भारत में खेले जाने वाले अंडर-17 महिला विश्वकप को रद्द कर दिया है। फीफा की वर्चुअल बैठक में भारत को वर्ष 2022 में आयोजित होने वाले फीफा अंडर-17 महिला विश्वकप की मेजबानी के अधिकार सौंपे हैं। फीफा ने इसके अलावा कोस्टा रिका में आयोजित होने वाला अंडर-20 महिला विश्वकप भी रद्द कर दिया है। उल्लेखनीय है कि भारत को नवम्बर 2020 में फीफा अंडर-17 महिला विश्वकप का आयोजन करना था, लेकिन कोरोना संक्रमण के कारण इसे फरवरी-मार्च 2021 तक स्थगित किया गया था। अब यह टूर्नामेंट पूरी तरह रद्द कर दिया गया है।

फार्मूला-वन ने जारी किया अगले सीजन का कैलेंडर

लंदन, फार्मूला-वन ने अगले सीजन के लिये रेसिंग कैलेंडर जारी कर दिया है। वर्ष 2021 में फॉर्मूला-वन चैंपियनशिप के तहत कुल 23 रेस आयोजित की जायेंगी। फॉर्मूला-वन के इतिहास में यह पहला अवसर होगा, जब एक वर्ष में 23 रेस आयोजित होंगी। वर्ष 2020 में कुल 22 रेस आयोजित होनी थीं, लेकिन कोरोना महामारी के कारण कई रेस स्थगित कर दी गईं। इस वर्ष सिर्फ 17 रेस आयोजित होंगी।

पाकिस्तान ने 3-0 से जीती ट्वेंटी-20 सीरीज

रावलपिंडी, पाकिस्तान और जिम्बाब्वे के बीच खेली गई तीन मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज को पाकिस्तान ने 3-0 से अपने नाम किया है। पाकिस्तान ने सीरीज का पहला मैच 6 विकेट, दूसरा मैच 8 विकेट तथा तीसरा मैच 8 विकेट से जीता है।

इटली के जेनिक सिनर ने जीता सोफिया ओपन

सोफिया, इटली के युवा खिलाड़ी जेनिक सिनर ने बुल्गारिया में आयोजित सोफिया ओपन टूर्नामेंट अपने नाम किया है। टूर्नामेंट के फाइनल में 19 वर्षीय सिनर ने कनाडा के वासेक पोसपिसिल को 6-4, 3-6, 7-6 से हराया। यह सिनर के टेनिस कॅरियर का पहला एटीपी खिताब है। सिनर ने जीत दर्ज करने के बाद कहा कि एटीपी टूर्नामेंट जीतना शानदार अहसास है। मैं अगले वर्ष इससे भी बेहतर प्रदर्शन करूंगा। इस खितावी जीत के साथ ही सिनर एटीपी रैंकिंग में 37वें स्थान पर आ गये हैं। सिनर सबसे कम उम्र में एटीपी टूर्नामेंट जीतने वाले दूसरे खिलाड़ी हैं। सिनर से पहले जापान के केई निशिकोरी ने वर्ष 2008 में 18 वर्ष की आयु में डेलरे बीच ओपन टूर्नामेंट जीता था।

पीसीबी ने आलिया जफर को नियुक्त किया डायरेक्टर

इस्लामाबाद, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अपने बोर्ड में पहली बार डायरेक्टर पद पर महिला अधिकारी की नियुक्ति की है। पीसीबी ने ह्यूमन रिसोर्स एक्जीक्यूटिव आलिया जफर सहित चार नये डायरेक्टर शामिल किये हैं। इनमें जावेद कुरैशी, असीम जावेद और आरिफ सईद भी शामिल हैं। पीसीबी के नये संविधान के अनुसार चार स्वतंत्र डायरेक्टर्स में एक महिला होना जरूरी है। पीसीबी के चेयरमैन एहसास मनी ने बोर्ड में चारों नये डायरेक्टर्स का स्वागत किया है।

ऑस्ट्रेलियाई तैराक शायना जैक्स पर लगा प्रतिबंध

लुसाने, ऑस्ट्रेलिया की तैराक शायना जैक्स पर डोपिंग के कारण दो वर्ष का प्रतिबंध लगाया गया है। विश्व खेल पंचाट ने कहा कि शायना को वर्ष 2019 में विश्व तैराकी चैंपियनशिप से पहले एनाबॉलिक (स्टेरॉयड) पदार्थ के सेवन का दोषी पाया गया था। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई खेल पंचाट ने उन पर चार वर्ष के प्रतिबंध की सिफारिश की थी। खेल पंचाट ने कहा कि शायना ने जानबूझकर लिंगाड्रोल का सेवन नहीं किया था। शायना का प्रतिबंध टोक्यो ओलिंपिक शुरू होने के पहले खत्म हो जायेगा। शायना ने वर्ष 2017 में विश्व तैराकी चैंपियनशिप में चार पदक जीते थे।

जॉनसन पहली बार बने अगस्ता मास्टर्स चैंपियन

अगस्ता, अमेरिका के दिग्गज गोल्फर डस्टिन जॉनसन ने अगस्ता मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट अपने नाम किया है। जॉनसन ने पहली बार यह टूर्नामेंट जीता है। जॉनसन ने 20 अंडर पार के रिकॉर्ड सबसे कम स्कोर के साथ यह खिताब जीता है। जॉनसन ने 20 अंडर 268 स्कोर कर वर्ष 1997 में टाइगर वुड्स के बनाये रिकॉर्ड को दो शॉट से तोड़ दिया।

फॉर्मूला-वन चैंपियनशिप

लुईस हैमिल्टन सातवीं बार बने रफ्तार के चैंपियन

इस्तांबुल, ब्रिटेन के दिग्गज कार रेसर लुईस हैमिल्टन ने इस वर्ष फॉर्मूला-वन चैंपियनशिप अपने नाम की है। हैमिल्टन ने इस्तांबुल में आयोजित टर्किश ग्रांप्री को जीत कर यह चैंपियनशिप जीती है। इस जीत के साथ हैमिल्टन ने स्विट्जरलैंड के पूर्व चैंपियन माइकल शूमाकर के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की।

हैमिल्टन ने 58 लैप की इस रेस को 1 घंटा 42 मिनट 19.313 सेकेंड में पूरी की। रेस में सर्जियो पेरेज दूसरे, सबेस्टियन वेटल तीसरे, चार्ल्स लेकलर्क चौथे तथा कार्लोस सेंज पांचवें स्थान पर रहे। हैमिल्टन ने इस वर्ष 17 में से 10 रेस जीतकर चैंपियनशिप अपने नाम की। इस वर्ष 3 रेस आयोजित होना बाकी हैं। हैमिल्टन ड्राइवर चैंपियनशिप में 307 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। हैमिल्टन के बाद सबसे ज्यादा अंक वाल्टेरी बोटास (197) के हैं। ऐसे में इस सत्र के अंत में हैमिल्टन का शीर्ष पर रहना सुनिश्चित हो गया है।

लुईस हैमिल्टन का पिछले कुछ वर्षों से फॉर्मूला-वन पर एकतरफा वर्चस्व रहा है। हैमिल्टन ने पिछले चार सालों में लगातार इस खिताब पर कब्जा जमाया है।

- **हैमिल्टन और शुमाकर ने सर्वाधिक 7-7 बार फॉर्मूला-वन चैंपियनशिप जीती है।**
- **जुआन मेनुएल फैंगियो ने 5 तथा एलेन प्रोस्ट तथा सबेस्टियन वेटल ने 4-4 बार जीती है चैंपियनशिप।**
- **हैमिल्टन ने सर्वाधिक 94 रेस जीती हैं।**
- **हैमिल्टन ने वर्ष 2008, 2014, 2015, 2017, 2018 और 2019 में भी जीती है चैंपियनशिप।**

राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा लेंगी आठ महिला क्रिकेट टीमें

दुबई, बर्मिंघम में वर्ष 2022 में आयोजित होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों के लिये महिला क्रिकेट टीमों की क्वालिफिकेशन प्रक्रिया शुरू हो गई है। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 28 जुलाई से 8 अगस्त तक आयोजित किये जायेंगे। राष्ट्रमडल खेलों में पहली बार महिला क्रिकेट को शामिल किया गया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और राष्ट्रमंडल खेल संघ (सीजीएफ) ने राष्ट्रमंडल खेलों में महिला क्रिकेट के कार्यक्रम की घोषणा की है।

बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल में कुछ आठ महिला क्रिकेट टीमें हिस्सा लेंगी। महिला क्रिकेट वर्ग के सभी मैच एजबेस्टन मैदान पर खेले जायेंगे। इस प्रतियोगिता में मेजबान होने के नाते इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम को डायरेक्ट एंट्री मिल गई है, वहीं महिला रैंकिंग जी टॉप-6 टीमें भी सीधे क्वालिफाई करेंगी। अंतिम टीम के लिये क्वालिफायर मुकाबले खेले जायेंगे। भारतीय महिला क्रिकेट टीम इस समय ट्वेंटी-20 रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज है। भारतीय टीम को क्वालिफाई करने के लिये एक अप्रैल 2021 तक टॉप-6 में रहना जरूरी है। आईसीसी ने कहा कि बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में महिला क्रिकेट के प्रारूप और विस्तृत जानकारी की घोषणा बाद में की जायेगी।

- **बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में महिला क्रिकेट के मैच ट्वेंटी-20 प्रारूप में खेले जायेंगे।**
- **वर्ष 1998 में क्वालालंपुर राष्ट्रमंडल खेलों में पुरुष क्रिकेट को शामिल किया गया था।**
- **दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर स्वर्ण पदक जीता था।**
- **वर्ष 1900 के ओलिंपिक खेलों में क्रिकेट को शामिल किया गया था। तब इंग्लैंड ने फ्रांस को हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया था।**

आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप के नियमों में किया गया बदलाव

दुबई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के नियमों में बड़ा बदलाव किया है। आईसीसी ने कोरोना महामारी के कारण वर्ल्ड चैंपियनशिप में प्वाइंट सिस्टम में बदलाव किया है। आईसीसी ने अनिल कुंबले की अध्यक्षता वाली आईसीसी क्रिकेट समिति की सिफारिशों को मंजूरी दी है।

अब आईसीसी वर्ल्ड चैंपियनशिप की रैंकिंग का फैसला अंकों के आधार की जगह जीत के प्रतिशत के आधार पर किया जायेगा। आईसीसी के इस फैसले से भारत को नुकसान तथा ऑस्ट्रेलिया को फायदा पहुंचा है। आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में शुरुआत से ही शीर्ष पर रही भारतीय टीम अब दूसरे स्थान पर पहुंच गई है, हालांकि भारत ने कोरोना काल में एक भी टेस्ट सीरीज नहीं खेली है। भारत ने इस चैंपियनशिप में अब तक 4 सीरीज खेली हैं, इनमें भारत ने 7 टेस्ट जीते और 2 मैच हारे हैं। भारत के कुल 360 अंक हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया ने इस चैंपियनशिप में 3 सीरीज के तहत 7 मैच जीते, दो मैच हारे तथा एक मैच ड्रा खेला है। चैंपियनशिप में ऑस्ट्रेलिया के नाम 296 अंक हैं। भारत का जीत प्रतिशत 75 है, जबकि ऑस्ट्रेलिया का जीत प्रतिशत 82.2 प्रतिशत है। चैंपियनशिप में इंग्लैंड (60.8 प्रतिशत) तीसरे तथा न्यूजीलैंड (50 प्रतिशत) चौथे स्थान पर है।

आईसीसी के इस फैसले के बाद आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का रोमांच बढ़ गया है। इस चैंपियनशिप का फाइनल जून 2021 में लंदन के लॉर्ड्स स्टेडियम में खेला जाना प्रस्तावित है। भारत को ऑस्ट्रेलिया तथा इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलनी है, वहीं ऑस्ट्रेलिया को भारत तथा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलनी है। इस फैसले के बाद भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज का महत्व बढ़ गया है। जो भी टीम यह सीरीज जीतेगी वह चैंपियनशिप में शीर्ष पर आ जायेगी।

- **आईसीसी ने टेस्ट क्रिकेट को रोमांचक बनाने के लिये वर्ष 2019 में आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप की शुरुआत की थी।**
- **यह चैंपियनशिप प्रत्येक दो वर्ष में आयोजित की जायेगी।**

पीसीबी ने बढ़ाया यूनिस खान का कार्यकाल

कराची, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने राष्ट्रीय टीम के बल्लेबाजी कोच यूनिस खान का कार्यकाल बढ़ाने का निर्णय लिया है। यूनिस अब वर्ष 2022 में ऑस्ट्रेलिया में आयोजित होने वाले ट्वेंटी-20 क्रिकेट विश्वकप तक टीम का मार्गदर्शन करेंगे। पीसीबी ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी वसीम खान ने कहा कि इंग्लैंड दौरे पर यूनिस का काम सराहनीय रहा था। इसीलिये उनके कार्यकाल में दो वर्ष की वृद्धि की गई है। यूनिस खान की कप्तानी में पाकिस्तान वर्ष 2009 में ट्वेंटी-20 क्रिकेट विश्वकप जीत चुका है। यूनिस ने पाकिस्तान के लिये 118 टेस्ट, 265 वन-डे तथा 25 ट्वेंटी-20 मैच खेले हैं। यूनिस ने टेस्ट क्रिकेट में एक तिहरा शतक सहित 34 शतक लगाये हैं, वहीं वन-डे क्रिकेट में उनके नाम 7 शतक हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

फिलीपींस

तूफान ने मचाई तबाही

फिलीपींस में आये भीषण तूफान वामको ने तबाही मचा दी है। मरने वालों की संख्या 65 के पार पहुंच गयी है। राष्ट्रीय

आपदा एजेंसी ने कहा कि इस वर्ष देश में आये चक्रवाती तूफानों के चलते कई लोग लापता हैं और मृतकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। भारी बारिश, भूस्खलन और जलभराव से कई इलाके जलमग्न हो गये हैं। उत्तरी फिलीपींस में लगातार भोजन और साफ पानी मुहैया कराया जा रहा है।

12वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन

विश्व के सामने सबसे बड़ी समस्या है आतंकवाद : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 12वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। इस वर्चुअल सम्मेलन को श्री मोदी ने वीडियो

- **सम्मेलन में श्री मोदी ने द्वितीय विश्व युद्ध में शहीद हुये सैनिकों को याद करते हुये श्रद्धांजलि दी, इस वर्ष दूसरे विश्व युद्ध की 75वीं वर्षगांठ है।**

कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने सबसे पहले ब्रिक्स के सफल संचालन के लिए राष्ट्रपति पुतिन को बधाई और प्रेजिडेंट रामाफोसा को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद श्री मोदी ने कहा कि आतंकवाद आज विश्व के सामने सबसे बड़ी समस्या है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि आतंकवादियों को समर्थन और सहायता देने वाले देशों को भी दोषी ठहराया जाए और इस समस्या का संगठित तरीके से मुकाबला किया जाए।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि भारत का मानना है कि यूएन सिक्योरिटी काउंसिल में रिफार्म्स बहुत अनिवार्य हैं। इस विषय पर हमें अपने ब्रिक्स पार्टनर्स के समर्थन की अपेक्षा है। यूएन के अतिरिक्त कई अन्य अंतर्राष्ट्रीय संस्थाएं भी वर्तमान वास्तविकताओं के अनुसार काम नहीं कर

रही हैं। WTO, IMF, WHO जैसी संस्थाओं में भी सुधार होना चाहिए। श्री मोदी ने कहा कि ग्लोबल गवर्नेंस के संस्थानों की क्रेडिबिल्टी और इफैक्टिवनेस दोनों पर ही सवाल उठ रहे हैं। इसका प्रमुख कारण यह है कि इन में समय के साथ उचित बदलाव नहीं आया। ये अभी भी 75 साल पुराने विश्व की मानसिकता और वास्तविकता पर आधारित हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि हमने 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान के तहत एक व्यापक रिफॉर्म प्रोसेस शुरू किया है। यह कैम्पेन इस विश्वास पर आधारित है कि एक self-reliant और resilient भारत कोविड के बाद की वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए फोर्स मल्टीप्लायर हो सकता है और ग्लोबल वैल्यू चेन्स में एक मजबूत योगदान दे सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसका उदाहरण हमने कोविड के दौरान भी देखा, जब भारतीय फार्मा उद्योग की क्षमता के कारण हम 150 से अधिक देशों को आवश्यक दवाइयां भेज पाए। हमारी वैक्सीन उत्पादन और डिलीवरी क्षमता भी इस तरह मानवता के हित में काम आएगी।

श्री मोदी ने कहा कि 2021 में ब्रिक्स के 15 वर्ष पूरे हो जाएंगे। पिछले सालों में हमारे बीच लिए गए विभिन्न निर्णयों का मूल्यांकन करने के लिए हमारे शेरपा एक रिपोर्ट बना सकते हैं। 2021 में अपनी अध्यक्षता के दौरान हम ब्रिक्स के तीनों स्तंभों में intra-BRICS सहयोग को मजबूत करने का प्रयत्न करेंगे।

भारतीय नौसेना में 'वजीर' शामिल

भारतीय नौसेना ने स्कॉर्पीन श्रेणी की पांचवीं पनडुब्बी 'वजीर' को अपने बेड़े में शामिल कर लिया है। वजीर को दक्षिण मुंबई स्थित मझगांव गोदी में समुद्र में उतारा गया। यह दुश्मन के रडार से बचने और आधुनिक टेक्नोलॉजी से लैस है। वजीर पनडुब्बी भारत में बन रहीं छह कालवेरी श्रेणी की पनडुब्बियों का हिस्सा है। इस पनडुब्बी को फ्रांसीसी समुद्री रक्षा और ऊर्जा कंपनी डीसीएनएस ने डिजाइन किया है। इसका निर्माण भारतीय नौसेना की परियोजना-75 के तहत किया गया है। इसका मुख्य कार्य खुफिया जानकारी

जुटाना, समुद्र में बारूदी सुरंग बिछाना और इलाके में निगरानी करने का है। इस पनडुब्बी का नाम हिंद महासागर की शिकारी मछली 'वजीर' के नाम पर रखा गया है।

ड्रैगन कैप्सूल

यात्रियों को लेकर अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचा

ड्रैगन कैप्सूल के नाम से पहचाना जाने वाला स्पेसएक्स का अंतरिक्ष यान

- **वर्ष 2020 में दुनियाभर में आई महामारी को देखते हुये इसे 'रेसिलियंस' नाम दिया गया है।**
- **इस अंतरिक्ष मिशन में कमांडर माइक हॉप्किन्स और उनके चालक दल के सदस्य विक्टर ग्लोवर, शैनन वॉकर और जापानी अंतरिक्ष यात्री सोइची नोगुची शामिल हैं।**

सुरक्षित अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन

पहुंच गया। इसमें 4 अंतरिक्ष यात्री मौजूद थे। इस यान ने केनेडी अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरी थी।

गौरतलब है कि स्पेसएक्स का यह दूसरा अंतरिक्ष मिशन है। पहली बार एलन मस्क की कंपनी ने पूरे छह महीने के लिये यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजा है। यान पूरे 27 घंटे के रिकॉर्ड समय में यात्रियों को लेकर अंतरिक्ष स्टेशन पहुंच गया।

अंतरिक्ष यात्रियों ने स्पेस स्टेशन तक पहुंचने तक की वीडियो भी भेजी है। इस प्रक्षेपण से अमेरिका और अंतरिक्ष स्टेशन के बीच चालक दल के सदस्यों के बारी-बारी से आने-जाने की लंबी श्रृंखला की शुरुआत होगी।

तूफान आयोटा निकारागुआ पहुंचा

मध्य अमेरिकी देश निकारागुआ में तूफान आयोटा (IOTA) ने दस्तक दे दी है। यूएस नेशनल हरिकेन सेंटर

- **तूफान के कारण 155 मील प्रति घंटे की रफ्तार से हवायें चलीं।**
- **तूफान पूर्वोत्तर निकारागुआ में दस्तक दे चुका है।**

(एनएचसी) ने जानकारी देते हुये कहा कि इस शक्तिशाली तूफान के कारण तेज आंधी, बाढ़ और भूस्खलन होने की आशंका बढ़ गई है। आपदा की रोकथाम के लिये निकारागुआ की राष्ट्रीय प्रणाली सतर्क हो गई है। उन्होंने जनता को चेतावनी जारी

करते हुये सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने का आदेश दिया है। ज्ञात रहे कि इससे पहले आयोटा सैन एंड्रेस और प्रोविडेंसिया में भारी तबाही मचा चुका है।

इथियोपिया में रॉकेटों से हमला

इथियोपिया की राजधानी अस्मारा में टाइग्रे पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट (टीपीएलएफ) ने रॉकेटों से हमला कर दिया। जानकारी के

अनुसार अस्मारा हवाई अड्डे पर रॉकेट दागे गये। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार रॉकेट लंबी दूरी की मिसाइलों की तरह नजर आ रहे थे। टाइग्रे पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट के अध्यक्ष उब्रेत्सियन गेब्रेमिचेल ने दो रॉकेटों से हमलों की जिम्मेदारी ली है।

अफगानिस्तान में

आतंकी हमला

पिछले दिनों अफगानिस्तान में हुये आतंकी हमले में 12 पुलिस कर्मियों की मौत हो गयी और 10 अन्य घायल हो गये हैं। टोलो न्यूज ब्रॉडकास्टर के अनुसार आतंकवादियों ने कल प्रांत के जुरम जिले की सुरक्षा चौकी पर हमला किया। इस हमले में एक कमांडर सहित 12 पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। अब तक किसी भी आतंकी गुट ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। गौरतलब है कि अफगान सरकार पिछले कई सालों से तालिबान आतंकवादियों के हमले का सामना कर रही है। हमला ऐसे समय

हुआ है जब कतर की राजधानी दोहा में अंतर-अफगान वार्ता चल रही है। वार्ता अगर सफल रहती है तो अफगानिस्तान में लगभग दो दशकों के हिंसक संघर्ष के बाद राजनीतिक समाधान का मार्ग खुल सकता है।

5वें आयुर्वेद दिवस पर

राष्ट्र को समर्पित किए गए दो आयुर्वेद संस्थान

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 5वें आयुर्वेद दिवस पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भविष्य के लिए तैयार दो

- **आयुष मंत्रालय 2016 से धन्वंतरि जयंती (धनतेरस) के अवसर पर हर साल 'आयुर्वेद दिवस' मना रहा है।**

आयुर्वेद संस्थान राष्ट्र को समर्पित किए। आयुर्वेद शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (आईटीआरए), जामनगर और राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (एनआईए), जयपुर इनमें शामिल हैं।

दोनों संस्थान देश में अग्रणी संस्थान हैं। संसद के एक अधिनियम द्वारा आईटीआरए, जामनगर को राष्ट्रीय महत्व के संस्थान का दर्जा दिया गया है और एनआईए, जयपुर को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा एक मान्य

विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया है।

आईटीआरए, जामनगर : आईटीआरए में 12 विभाग, तीन नैदानिक प्रयोगशालाएं और तीन अनुसंधान प्रयोगशालाएं हैं। यह पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में अनुसंधान कार्य में अग्रणी हैं और फिलहाल यह 33 अनुसंधान परियोजनाओं का संचालन कर रहा है। गुजरात आयुर्वेद विश्वविद्यालय परिसर, जामनगर में चार आयुर्वेद संस्थानों के समूह को मिलाकर आईटीआरए का गठन किया गया है। यह आयुष क्षेत्र में पहला संस्थान है, जिसके पास राष्ट्रीय महत्व के संस्थान का दर्जा है।

उन्नत दर्जे के साथ, आईटीआरए को आयुर्वेद शिक्षा के मानक को उन्नत करने की स्वायत्तता होगी, क्योंकि यह आधुनिक, अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार पाठ्यक्रम उपलब्ध करायेगा। इसके अलावा, यह अंत:विषय सहयोग के बारे में आयुर्वेद को समसामयिक तौर पर जोर देने के लिए प्रेरित करेगा।

एनआईए जयपुर : देश में व्यापक ख्याति वाले आयुर्वेद संस्थान, एनआईए को मान्य विश्वविद्यालय का दर्जा प्राप्त है। पिछले कुछ दशकों में प्रामाणिक आयुर्वेद को संरक्षित करने, बढ़ावा देने और आगे बढ़ाने में एनआईए के 175 साल की विरासत का योगदान महत्वपूर्ण है। फिलहाल एनआईए के पास 14 विभिन्न विभाग हैं। यह संस्थान प्रमाण-पत्र से डॉक्टरेट स्तर तक के आयुर्वेद में कई पाठ्यक्रम चलाता है। वर्तमान में यह 54 विभिन्न अनुसंधान परियोजनाओं का संचालन करता है। मान्य विश्वविद्यालय के दर्जे के साथ, यह राष्ट्रीय संस्थान तृतीयक स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और अनुसंधान में उच्चतम मानकों को प्राप्त करके नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए तैयार है।

सोलोमन द्वीप

फेसबुक पर प्रतिबंध लगायेगा

सोलोमन द्वीप सरकार ने फेसबुक पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। सोलोमन के संचार एवं नागरिक उड्डयन मंत्री पीटर

शनेल एगोवाका ने बताया कि फेसबुक पर प्रधानमंत्री मैनसेह सोगावरे सहित सरकार के कई सदस्यों का बहुत अधिक अपमान और निंदा होने के कारण यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि चूंकि सोलोमन द्वीप के पास विश्व के सबसे बड़े सोशल नेटवर्क फेसबुक के संचालन के लिये नियमकीय ढांचा नहीं है, इसलिये इस पर अस्थायी प्रतिबंध लगाना आवश्यक है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सुदाम खाड़े, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।